डॉ. नागरत्ना गनवीर
नोडल अधिकारी,स्वीप

प्राचार्य
शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छ.ग.)

E-mail - shivnathcollege@gmail.com, website - www.shivnathcollege.com, Phone no. 07744-291599

दिनांक–16.12.2021

//आवश्यक सूचना//

"मतदाता जागरूकता (जागव बोटर)"

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्वीप कार्यक्रम के तहत **दिनांक 28 एवं 29 दिसम्बर, 2021** को मतदाता जागरूकता पर विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी अपना नाम संबंधित प्राध्यापक के पास अतिशीघ्र दर्ज करायें–

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	संयोजक का नाम	दिनांक	समय
1	रंगोली	श्रीमती सीमा ए.लाल कु. सीमा पंजवानी	28-12-2021	10.00AM TO 11.00AM
2	निबंध	डॉ. एलिजाबेथ भगत श्रीमती मोनिका देवांगन	28-12-2021	11.00AM TO 12.30PM
3	पेंटिंग/नारा लेखन	डॉ. स्वाति तिवारी कु. निक्की	28-12-2021	12.30PM TO 01.30PM
4	भाषण	डॉ. एस.आर.कन्नोजे श्री कपिल सूर्यवंशी	29-12-2021	01.30PM TO 02.30PM

टीपः– रंगोली, पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का विषय– मतदान का महत्व एवं मतदाता जागरूकता पर होगा।

डॉ. नागरत्ना गनवीर
नोडल अधिकारी,स्वीप

प्राचार्य
शास. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 24-12-2021 मतदाता जागरूकता पर विविध कार्यक्रम- नोडल अधिकारी डा. नागरत्ना गनवीर के निर्देशन में

दिनांक 24-12-2021 मतदाता जागरूकता पर रंगोली प्रतियोगिता

शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

राजनांदगांव। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में दिनांक 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नागरत्ना गनवीर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं का जीवन त्याग, धैर्य और संघर्ष की मिशाल है। पुरूष व महिला एक गाड़ी के दो पहिये है, जीवन रूपी गाड़ी को चलाने के लिये दोनों का सामंजस्य जरूरी है। डॉ. सुमन सिंह बघेल संस्था प्राचार्य ने कहा कि महिलायें हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। आज महिलायें कई कंपनियों की मालिक है, सी.ई.ओ. है, ऐयर होस्टेज है, सेल्समेन है, खेल व राजनीति में भी आगे बढ़ रही है। श्रीमती सीतारमन, सुषमा स्वराज, स्मृति ईरानी, मेनका गांधी केन्द्रीय मंत्री है। उन्होंने महिलाओं को अपने आत्मबल बनाये रखने की बात की। डॉ.एस.आर.कन्नोजे ने महिलाओं पर किये जा रहे मानसिक व शरीरिक प्रताड़ना की बात की। यह समाज की भयावह सच्चाई है कि महिलाये आज भी लैंगिक असमानता की शिकार हो रही है, पुत्र व पुत्रियों में भेद किया जाता है। पुरूषों को अपनी मानसिकता बदलनी होगी तभी समानता आ सकती है।

डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि आज स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलायें काफी आगे आयी है, आर्थिक रूप से मजबूत हुई है, आर्थिक विकास से ही देश का विकास संभव है, महिला समूहों के माध्यम से रोजगार किये जा रहे है। डॉ. एलिजाबेथ भगत ने कहा कि शिक्षा ही वो हथियार है जिससे लड़के–लड़की में असमानता को मिटाया जा सकता है। लड़कियों को भरपूर शिक्षा दी जावे, महिलायें पढ़ाई के साथ–साथ पारिवारिक जिम्मेदारी भी निभाती है और मेरिट में भी स्थान पाती है। डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने कहा कि समाज में घरो के काम महिलाओं से ही कराये जाते है, उनकी घरों में सामाजिक व आर्थिक भागीदारी नाममात्र की होती है उन पर ढेरों पाबंधियाँ लगाई जाती है, पराया धन समझकर ठीक से शिक्षा भी नहीं देते। महिलायें अपने नजरियें में बदलाव लाये, अपने को किसी से कम न समझें। श्री लिकेश्वर सिन्हा ने स्वरचित कविता के माध्यम से बेटी, बहु नारी की भूमिका को उजागर किया। छात्रा दीपाली ने कहा कि महिलायें खुद के जीवन को महत्व दे, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे। स्वाति तिवारी ने कहा कि महिलायें अपने खिलाफ होने वाले अत्याचारों का विरोध करे, निरंतर बदलाव के लिये प्रयास करें। देश का विकास महिलाओं के विकास से ही संभव है। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती सीमा ए. लाल ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं प्राध्यापक उपस्थित थे।

प्राचार्य
शास. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय,
राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

साइंस कॉलेज में मना महिला दिवस

आयोजन

- महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं- बघेल

नवभारत संवाददाता। राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नागरत्ना गनवीर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं का जीवन त्याग, धैर्य और संघर्ष की मिशाल है. पुरूष व महिला एक गाड़ी के दो पहिये है, जीवन रूपी गाड़ी को चलाने के लिये दोनों का सामंजस्य जरूरी है. डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि महिलायें हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है.

डॉ.एस.आर.कन्नोजे ने महिलाओं पर किये जा रहे मानसिक व शरीरिक प्रताड़ना की बात की. वह समाज की भयावह सच्चाई है कि महिलाये आज भी लैंगिक असमानता की शिकार हो रही है, पुत्र व पुत्रियों में भेद किया जाता है. डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि आज स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलायें काफी आगे आयी है, आर्थिक रूप से मजबूत हुई है, आर्थिक विकास से ही देश का विकास संभव है, महिला समूहों के माध्यम से रोजगार किये जा रहे है. डॉ. एलिजाबेथ भगत ने कहा कि शिक्षा ही वो हथियार है जिससे लड़के-लड़की में असमानता को मिटाया जा सकता है. डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने कहा कि समाज में घरो के काम महिलाओं से ही कराये जाते है, उनकी घरों में सामाजिक व आर्थिक भागीदारी नाममात्र की होती है उन पर ढेरों पाबंधियाँ लगाई जाती है.

Scanned with OKEN Scanner

प्रेस विज्ञप्ति

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

राजनांदगांव। प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में दिनांक 08/03/2017 अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने हार्दिक बधाई देते हुए अपने उद्‌बोधन में कहा कि इस वर्ष UNO द्वारा वूमेन्स डे थीम– वूमेंस इन द चेजिंग वर्ल्ड आफ वर्क प्लानेट 50–50 बाय 2030 विषय पर जोर देते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वैदिक काल में स्त्रियों की स्थिती बहुत अच्छी थी स्त्रियों और पुरूषों को बराबरी का दर्जा था मध्यकाल में स्त्रियों कि स्थिती बहुत बदतर हो गई थी। वर्तमान काल में स्त्रियों कि स्थिती सुधार करने कई प्रयास किये गये आज हर क्षेत्र चाहे राजनैतिक, विज्ञान आद्यौगिक, सामाजिक महिलायें बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। परन्तु वर्तमान में पुरूषों की तुलना में महिलाओं की हिस्सेदारी बहुत कम है इसको हमें बढ़ाना है महिलाओं को अधिक से अधिक शिक्षित करना महिलाओं की भावनाओं की भी कदर करना है इसकी शुरूआत परिवार से करे फिर समाज में। डॉ निर्मला उमरे में कहा कि महिलाओं को अपने निर्णय लेने की भी आजादी होना चाहिए। श्रीमती डॉ. नागरत्ना गणवीर ने कहा कि हर लड़की की ख्वाइस होती है–

"एक बार तो मुझको, अपने सपने बोने दो,
लिख देने दो अपनी किस्मत, फिर जो होता है होने दो।

आर्थिक विकास में महिलाओं को बराबर का हक और विकास की प्रकिया में महिलाओं का बराबर का योग दान देने की तरफदारी की और महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रण किया गया। अंत में कार्यक्रम प्रभारी निर्मला द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. श्रीमती निर्मला उमरे, डॉ एस आर कन्नौजे, डॉ नागरत्ना गणवीर, डॉ फुलसो राजेश पटेल, डॉ एलिजाबेथ भगत, स्मृति, नमिता, दिव्या राजपूत, नंदनी और उमा सभी ने अपने बहुत सुन्दर विचार रखकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

प्राचार्य
शास. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय,
राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

शास. शिवनाथ विज्ञान महावि. राजनांदगांव (छ.ग.)
रा.से.यो. नियमित गतिविधि
सत्र 2017-18

DATE:.................

1. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया — शा. शिवनाथ विज्ञान महावि. में दिनांक 21.6.2017 को "विश्व योगदिवस" मनाया गया, सर्वप्रथम प्रार्थना की गई, तत्पश्चात ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, योगासन के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर आसनों में भद्रासन, वज्रासन, अर्धवक्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन किये गये। लेटकर किये जाने आसनों में मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादहस्तासन, अर्द्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन किये गये। प्राणायाम के तहत कपालभाँति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी किये गये। अंत में संकल्प के साथ शांति पाठ किये। महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी स्टाफ व प्रशिक्षक के रूप में श्री रविकांत उपाध्याय, श्री किशन साहू, श्री मनोज साहू उपस्थित रहे।

2.

Scanned with OKEN Scanner

Camlin Exam
DATE:..................

7. महावि. में शिक्षक दिवस मनाया -

दिनांक 05/09/2017 को रा.से.यो. इकाई द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को "शिक्षक दिवस" के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल संस्था प्राचार्य ने कहा कि व्यक्ति के जीवन को संवारने में उनके माता पिता से ज्यादा एक सच्चे शिक्षक का योगदान होता है, हमारे देश में शिक्षक को भगवान से बढ़कर माना जाता है। व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाने में शिक्षक का योगदान महत्व रखता है। डॉ. एस. आर. कन्नौजे ने कहा कि छात्र अपने स्कूल, कॉलेज के दिनों में अपने गुरु द्वारा किये गये निर्देश कार्य को हमेशा ध्यान रखता है। डॉ. नागरत्ना गगनेर ने कहा कि शिक्षक पाठ्येतर गतिविधी से भी छात्रों को जोड़े रखता है। डॉ. एन. के. भारतीया तथा डॉ. शिवानी तिवारी ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर महावि. स्टाफ व विद्यार्थिगण उपस्थित रहे।

8. विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया -

दिनांक 08.09.2017 को रा.से.यो. के तत्वाधान में महाविद्यालय में "अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस" मनाया गया, डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल संस्था प्राचार्य ने कहा कि निरक्षरता की निशानी अंगूठा लगाना है, हम सभी थोड़ा सा समय निकालकर उन्हें अक्षरज्ञान कराये। डॉ. एस. आर. कन्नौजे ने कहा कि देश में साक्षरता का प्रतिशत 65% है याने 35% जनसंख्या अभी भी निरक्षर है, जब तक अनपढ़ है इंसान, तब तक नहीं बनेगा साक्षरता अभियान। डॉ. श्रीमती तुलसी पटेल ने कहा कि देश में 1988 में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आरंभ किया गया, अभी सर्व शिक्षा अभियान के तहत "सब पढ़े-सब बढ़े" के तहत शिक्षा दी जा रही है, सभा को कु. [illegible] गजभिये, कु. [illegible] ठाकुर अतिथि व्याख्याताओं ने भी संबोधित किया।

2. विश्व ओजोन संरक्षण दिवस मनाया –

दिनांक 16.09.2017 को महाविद्यालय में रा.से.यो. के तत्वाधान में "विश्व ओजोन संरक्षण दिवस" मनाया गया। महावि. के प्राचार्य डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल ने कहा कि धरती से 15 किमी. की दूरी पर ओजोन परत है, जो हमारी रक्षा कवच है, O_3 के तीन परमाणु मिलकर बनते हैं, यह सूर्य से आने वाले पराबैंगनी किरणों को रोकती है, प्रदूषित गैसों के कारण ओजोन परत खतरे में है, समय रहते जागने की जरूरत है। डॉ. एस. आर. कन्नौजे ने कहा कि महारोग कैंसर जैसे रोग हानिकारक किरणों से होती है, फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ता है, सूक्ष्मजीव मर जाते हैं प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जेनेटिक परिवर्तन आ जाती है। अधिक से अधिक पौधे लगाये, CFC व हैलोजन गैसों का उत्पादन कम करें। ओजोन बचाये, पर्यावरण बचाये, पर्यावरण बचाये, जीवन बचाये।

Camlin Exam
DATE:

11. 24 सितम्बर को एन.एस.एस. स्थापना दिवस –

दिनांक 24 सितम्बर 2017 को एन.एस.एस. के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रो. सुरेश पटेल, जिला संगठक एन.एस.एस. मुख्य अतिथि तथा अध्यक्षता डॉ. श्रीमती कुसुम सिंह बघेल संस्था प्राचार्य ने किया। दक्ष अक्षय वर्मा व युगलकिशोर ने "हम होंगे कामयाब" गीत गाया। डॉ. एस. आर. कुर्रे ने एन.एस.एस. अधिकारी ने एन.एस.एस. के इतिहास, दर्शन, प्रतीक, बैज, गीत, नारे, स्लोगन, नियमित व शिविर गतिविधि के बारे में विस्तार से बतलाया। श्री लिकेश्वर सिन्हा ने एन.एस.एस. के लक्ष्य व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

सुश्री रूपा तिवारी सहा.प्रा. वनस्पति ने कहा कि यह स्वानुशासन सिखाता है, व्यवहार कुशल बनाता है, व्यक्तित्व का निर्माण करता है, समाज के कुरीतियों को दूर करने में विद्यार्थी आगे आये। डॉ. ए.एन. भारद्वाज ने कहा कि निःस्वार्थ सेवा की दृष्टि से किया गया कार्य प्रशंसनीय होता है, शासन प्रशासन द्वारा सौंपे कार्य को पूर्ण किया जाता है। डॉ. निर्मला कुर्रे ने कहा कि एन.एस.एस. में कोई कार्य असंभव नहीं होता, पल भर में कार्य हो जाता है। संगठन शक्ति से हर मुश्किल कार्य सरल हो जाता है।

प्रो. सुरेश पटेल ने कहा कि यह 48 वर्ष का युवा हो गया है, समाज के साथ मिलकर कार्य करने का सुगम माध्यम है एन.एस.एस.। समाज में जागरूकता का कार्य विद्यार्थी करते हैं। डॉ. श्रीमती कुसुम सिंह बघेल ने कहा कि एन.एस.एस. के विद्यार्थी को निरंतर सिखने मिलता है, उनमें व्यक्तित्व में निखार लाता है, झिझक दूर होता है, गाँव की वास्तविक स्थिति से अवगत होते हैं। कु. प्रियंका साहू ने गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महावि. स्टाफ व एन.एस.एस. स्वयंसेवक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

कौमी एकता सप्ताह दिनांक 19. से 25 नवम्बर तक मनाया जाता है।

18. **विश्व एड्स दिवस मनाया गया** –

दिनांक 01.12.2017 को महावि. में रा.से.यो. के तत्वाधान में "विश्व एड्स दिवस" मनाया गया, प्रातःकाल में विद्यार्थियों ने बसंतपुर वार्ड में एड्स के प्रति जनजागरूकता जगाने के उद्देश्य से रैली निकाली, रैली में बैनर, पोस्टर, स्लोगन, नारों का प्रयोग किया गया। सभा में डॉ. बी.एल. कुमरे, जिला चिकित्सालय राजनांदगांव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। देश में तेजी पाँव पसार रहे एच.आई.वी. वायरस ने चिंता की लकीर खींच दी है राजनांदगांव जिले में इस वर्ष 134 प्रकरण दर्ज किए गया है। डॉ. कुमरे ने कहा कि यह रोग केवल 4 कारणों से होता है, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, संक्रमित खून चढ़ाने से, गर्भवती संक्रमित माता से शिशु को। एड्स के लक्षणों को बताया व समाज को जागरूक करने का आह्वान किया श्रीमती सुमन सिंह बघेल ने कहा कि हाथ मिलाने से, गले लगाने से, साथ में सोने से, एक दूसरे के कपड़े पहनने से, नहीं होता, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जानकारी ही बचाव है। डॉ. एलिजाबेथ भगत रेडक्रास प्रभारी ने अशिक्षा, अज्ञानता को कारण बताया, पलायन करने वाले लोग अधिक जिम्मेदार हैं। इस अवसर पर महावि. के शिक्षक स्टॉफ व विद्यार्थी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

19. मानव अधिकार दिवस मनाया गया –

दिनांक 10.12.2017 को रा.से.यो. - इकाई के तत्वाधान में "मानव अधिकार दिवस" महाविद्यालय में मनाया गया। प्रो.रा.से.यो. अधिकारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसम्बर 1948 को मानव अधिकार दिवस मनाने का निर्णय लिया गया, व्यक्ति को समान काम, समान वेतन की स्वतंत्रता, निवास तथा सामाजिक भरण पोषण का अधिकार, शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अधिकार, जीने का अधिकार, इसकी प्रस्तावना में मानव जाति की जन्मजात गरिमा और सम्मान तथा अधिकारों पर बल दिया गया है। प्राचार्य डॉ. [illegible]कुमार गौर पटेल ने इस अवसर पर शपथ दिलाई, डॉ. नागरत्ना गनवीर ने कहा कि अधिकारों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, राज्य का सर्वोत्तम लक्ष्य व्यक्ति के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास है। विश्वशांति तथा सुरक्षा को बनाये रखने के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन बनाने की मंशा को स्वीकार किया गया।

25. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया –

डॉ. सुमन सिंह बघेल, संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में महावि. में दिनांक 08/03/2018 को "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" मनाया गया। डॉ. नागरत्ना गनवीर संयोजक ने कहा कि पुरुष व महिला एक गाड़ी के दो पहिये हैं, जीवन रूपी गाड़ी को चलाने के लिये सामंजस्य जरूरी है। डॉ. सुमन सिंह बघेल संस्था प्राचार्य ने कहा कि महिलायें हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं कई महिलायें महत्वपूर्ण पदों पर कार्य रही हैं, हर क्षेत्र- सिनेमा, क्रिकेट, खेल, राजनीति, बिजनेस में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। डॉ. एस.आर. कन्नौजे प्रो.से.फो. ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना चिंता का विषय है, महिलायें लैंगिक असमानता की शिकार हो रही हैं। डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि आज स्वरोजगार के क्षेत्र में महिला तेजी से आत्मनिर्भर हो रही हैं, आर्थिक विकास हो रहा है, डॉ. एलिजाबेथ भगत ने कहा कि शिक्षा ही सारी कुरीतियों की चाबी है। सभा को डॉ. कुलमनी पटेल, लिकेश्वर सिन्हा, स्वाती तिवारी, कु. डीपाली ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे।

26. "विश्व वानिकी दिवस" मनाया –

दिनांक 21.3.2018 को महावि. में "विश्व वानिकी दिवस" मनाया गया, प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि मानवीय गतिविधि एवं उनके जंगलों में हस्तक्षेप के कारण पेड़ों की संख्या में निरंतर गिरावट आ रही है, जहाँ मानव की आबादी बढ़ी है वहाँ पेड़ों का घनत्व घटा है, विश्व में अनियंत्रित औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, बांध, राजमार्गों के कारण जंगल सिमट रहे हैं, जीवजन्तुओं पर संकट आ गया है। वन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है, सभा को डॉ. एस.आर. कन्नौजे, श्री लिकेश्वर सिन्हा, कुमारी संगीता त्रिपाठी ने संबोधित किया।

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)
सत्र 2018-19
गतिविधियाँ (Activities)

(1) विश्व पर्यावरण दिवस मनाया -

दिनाँक 05 जून 2018 को ग्राम - बागतराई में रा.से.यो. के तत्वाधान में "विश्व पर्यावरण दिवस" मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस बार मेजबानी भारत को दिया है, भारत ने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को देखते हुये शीर्षक दिया है - "प्लास्टिक प्रदूषण की समाप्ति"। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भुवन लाल वर्मा, सरपंच, ग्रामपंचायत बागतराई रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुये डॉ. एम.आर. कन्नौजे, रा.से.यो. ने कहा कि विश्व में बड़ी समस्या प्लास्टिक कचरा है, भारत में स्पष्ट प्रभाव दिखाई दे रहा है, नागरिकों में प्लास्टिक कचरे के प्रबंध हेतु तत्परता एवं सजगता नहीं है। श्री लिकेश्वर सिन्हा ने कहा कि प्लास्टिक में मौजूद रसायनिक विषाक्त पदार्थ होता है जो पर्यावरण पर खतरनाक प्रभाव डालते हैं, ये कैंसरकारक होते हैं, ये काफी सस्ते होने के कारण लोकप्रिय हैं, ये तो मिट्टी, भूमि को प्रदूषित करते हैं।

श्री भुवनलाल वर्मा, सरपंच ने कहा कि हमें हवा, पानी, भूमि को संरक्षित रखना है, बूंद बूंद जल को बचाना है, जल रहेगा तभी कल रहेगा, सभा को यामिनी साहू छात्र ने भी संबोधित करते हुये स्वच्छ पर्यावरण बनाये रखने का आह्वान किया।

इस अवसर पर रा.से.यो. स्वयंसेवकों ने नृत्य, गीत, नाटक, प्रहसन के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ रखने व प्लास्टिक का उपयोग न करने का आह्वान किया। ग्राम पंचायत के पंचगण, सचिव, महिला समूह, उपसरपंच व कोटवार सैकड़ों में ग्रामीण जनसमूह उपस्थित रहे। संचालन अभय वर्मा, उद्घोषक विजय साहू ने किया। 32 छात्र उपस्थित रहे।

(2)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया –

महाविद्यालय में दिनांक 21 जून 2018 को "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" मनाया गया, डॉ. निर्मला उमरे, प्राचार्य के मार्गदर्शन में श्री हरिकांत उपाध्याय, योग प्रशिक्षक के निर्देशन में योग किया गया। सर्वप्रथम प्रार्थना की गई, शिथिलीकरण क्रिया के तहत ग्रीवा चालन, स्कंधचालन, कटिचालन, घुटना संचालन सम्मिलित किये गये। योगासन के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, शवासन, पवनमुक्तासन किये गये। कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, शीतली प्राणायाम किये गये, ध्यान करवाया गया, संकल्प दिलाया गया, सभी ने शांतिपाठ किये। इस अवसर पर महावि- के स्टॉफ व अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। (प्रोटोकाल के तहत योग किये गये। इस कार्यक्रम कुल 34 लोग उपस्थित रहे)

पेड़ लगाओ - देश बचाओ
पेड़ लगाओ - जीवन बचाओ
जीवन खुशहाल बनाओ

Scanned with OKEN Scanner

17. **विश्व खाद्य दिवस मनाया –**

Date: ....

दिनांक 16.10.2018 को रा.से.यो. इकाई द्वारा "विश्व खाद्य दिवस" मनाया गया। डॉ. एस. आर. कन्नौजे रा.से.यो. अधिकारी ने कहा कि प्रकृति द्वारा प्रदत्त खाद्य पदार्थ का मनुष्य द्वारा उपयोग कर उत्पन्न किये जाने वाले खाद्य पदार्थ "खाद्य संसाधन" कहलाते हैं शरीर की वृद्धि तथा ऊतकों के मरम्मत के लिये भोज्य पदार्थ जरूरी है, संतुलित आहार से शारीरिक व मानसिक विकास भलीभांति होता है। डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि विश्व की जनसंख्या लगभग 7 अरब है, आवश्यकता के अनुरूप उत्पादन इतना अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता जिससे समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। डॉ. मंजेश्वरी सिंह, प्राचार्य ने कहा कि विश्व खाद्य समस्या के अनेक कारण हैं जिनमें प्रमुख हैं – जनसंख्या वृद्धि, भौगोलिक दशायें, प्राकृतिक आपदा, युद्ध, पोषक तत्वों का अभाव, असंतुलित आहार, निर्धनता, भूमि का विभाजन, अपर्याप्त सिंचाई सुविधा; जल की कमी है इसे दूर कर खाद्य उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। डॉ. एलिजाबेथ भगत रेडक्रास प्रभारी ने कहा कि भारत की जनसंख्या 1 अरब 25 करोड़ है। सन 2050 तक 1 अरब 35 करोड़ हो जायेगी, इस अनुपात में कृषि भूमि की उपलब्धता कम होगी जिसका प्रभाव खाद्यान्न उत्पादन पर पड़ेगा। 42 विद्यार्थी उप. रहे।

11. शिक्षक दिवस मनाया -

दिनांक 05-8-2018 को रा-से-यो- के तत्वाधान में "शिक्षक दिवस" का आयोजन किया गया, छात्रों ने गुरु की महिमा का बखान किया, छात्रों ने गीत व प्रहसन प्रस्तुत किया। सभा को डॉ- नागरत्ना गनवीर, डॉ- एस-आर- कन्नोजे, श्रीमती निलिमा जैन, श्रीमती पटेल, श्री उमरे, कु- शिवानी ठाकुर, श्रीमती सविता गुप्ता ने संबोधित करते हुये कहा कि शिक्षक मोमबत्ती की तरह होता है, जो जलकर प्रकाश देता है। गुरु, अंधकार को दूर करता है, प्रकाश का मार्गदिखाता है, अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाता है। हर व्यक्ति के जीवन में गुरु अवश्य होता है, उनके मार्ग दर्शन में शिष्य निरंतर प्रगति करता है इस अवसर पर महावि- के विद्यार्थी व स्टॉफ उपस्थित रहे।

12. अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया -

दिनांक 08-9-2018 को रा-से-यो- के तत्वाधान में "अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस" मनाया गया- मुख्यअतिथि श्रीकांत पांडे, समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र राजनांदगांव रहे। डॉ- एस- आर- कन्नोजे रा-से-यो- अधिकारी ने कहा कि साक्षरता वो हथियार है जो निरक्षरता रूपी अंधकार को मिटाता है, निरक्षरता पिछड़ेपन की निशानी है, साक्षरता मानव को सभ्य, ज्ञानवान, बलवान, विवेकशील बनाता है। डॉ- निलिमा उमरे प्राचार्य ने कहा कि निरक्षरता के कारण शासन की सामाजिक व कल्याणकारी योजनाएं ग्रामीणजनों तक नहीं पहुंच पाती। शिक्षा सभ्य व असभ्य में भेद कराता है। श्रीकांत पांडे मुख्यअतिथि ने कहा कि "अंधकार को क्यों धिक्कारें, अच्छा हो एक दीप जलायें"। राजनांदगांव प्रदेश में सर्वाधिक साक्षर जिला है, साक्षरता प्रतिशत में वृद्धि से जनसंख्या वृद्धि दर कम होती है। इस अवसर पर महावि- स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

3. **विश्व एड्स दिवस मनाया** – दिनांक 01.12.2018 को महावि. में "विश्व एड्स दिवस" मनाया गया, सर्वप्रथम "एड्स जनजागरूकता रैली" महाविद्यालय से लालपुर वार्ड में निकाली गई। सभा को डॉ. एस. आर. कन्नौजे ने संबोधित करते हुये कहा कि यह केवल 4 कारणों से होता है, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित खून चढ़ाने से, संक्रमित सुई से, संक्रमित गर्भवती माँ से बच्चे को। डॉ. योगेश्वरी सिंह आचार्य ने कहा कि भारत के बहुत से राज्यों में एड्स पाँव पसार चुका है, छ.ग. के 25000 लोग संक्रमित हैं। सभा को श्री धर्मेन्द्र वर्मा, एड्स काउन्सलर जिला हास्पिटल, श्री जगदीश सोनी ब्लडबैंक काउन्सलर, श्रीमती मिताली मेश्राम STI काउन्सलर जिला हास्पिटल ने संबोधित किया। जागरूकता हेतु भाषण, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कुल 86 विद्यार्थीयों ने इसमें भाग लिये।

Scanned with OKEN Scanner

23. मानव अधिकार दिवस मनाया गया — दिनांक 10 दिसम्बर 2018 को महावि० में "मानव अधिकार दिवस" मनाया गया, डॉ० गंधेश्वरी सिंह संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं श्री निर्मल सिंह जिला एवं सत्र न्यायाधीश रतनगढ़ के मुख्यआतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। श्री सिंह ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा के लिये आवश्यक है कि व्यक्ति अपनी समस्या को स्पष्ट बताये, समस्या नहीं बताने के कारण उलझ जाती है और मानव अधिकार का हनन होता है, जिससे असमानता पैदा होती है, जागरूकता के अभाव में छोटे 2 गलतियों के कारण दोनों ही पक्षों को परेशान होना पड़ता है, हमें अपने अधिकार के साथ कर्तव्यों को पालन करना चाहिये। प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता, समानता एवं उनकी प्रतिष्ठा की सुरक्षा की गारंटी दी जा सकती है। सभा को डॉ० गंधेश्वरी सिंह, डॉ० नागरत्ना गंगाधर, श्री बी०सी० साव लोक अभियोजक, श्री कीर्ति श्रीवास द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश ने संबोधित किया। इस अवसर पर सुश्री अंजली सिंह — सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रमेश चौहान - व्यवहार न्यायाधीश, राहुल शर्मा व्यवहार न्यायाधीश रतनगढ़ उपस्थित रहे। कुल 92 विद्यार्थी भाग लिये।

24. "राष्ट्रीय युवा दिवस" मनाया गया — दिनांक 12.1.2019 को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस को "राष्ट्रीय युवादिवस" के रूप में मनाया गया। मुख्यअतिथि श्री हरीश गांधी, सचिव गायत्री शिक्षण समिति, अध्यक्षता डॉ० गंधेश्वरी सिंह संस्था प्राचार्य, विशेष अतिथि श्री प्रभुर, परिव्राजक गायत्री मंदिर, श्री नगेश साहू वरिष्ठ स्वयं सेवक रहे। डॉ० एस०आर० कन्नौजे रा०से०यो० अधिकारी ने स्वामी जी के जीवन परिचय देते हुये कहा कि उनके गुरू परमहंस रहे, वे 39 साल जीवित रहे। सेवा कार्यों को जीवन का हिस्सा माना। श्री हरीश गांधी ने कहा कि देश में 65% युवा है, युवा चाहे तो हवा का रूख बदल सकता है। डॉ० गंधेश्वरी सिंह ने कहा कि स्वामी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति व राष्ट्रभक्ति ने भारत को महान बनाया। श्री नगेश साहु ने कहा कि आज युवाओं को मरने के लिये नहीं जीने की जरूरत है। 1966 के प्रथम छात्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी व स्टाफ उपस्थित रहे।

(74) विद्यार्थी भाग लिया

25 **राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया –**

दिनांक 25.1.2019 को महाविद्यालय में "राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस" मनाया गया। डॉ. एस.आर. कुल्लोदे राष्ट्रे.से.यो. अधिकारी ने निष्पक्ष रूप वोट करने व अपना प्रतिनिधि चुनने हेतु अपने विचार रखे, डॉ. नागरत्ना गनवीर नोडल अधिकारी मतदाता जागरूकता (स्वीप कार्यक्रम) ने कहा कि वोटर भाग्य विधाता है, उनके पास सरकार बनाने की शक्ति है. अपने वोट का उपयोग करें, और लोगों को भी मतदान शत-प्रतिशत करने की अपील करें। डॉ. गंधेश्वरी सिंह प्राचार्य ने कहा कि संविधान में यह व्यवस्था है कि प्रत्येक व्यक्ति वोट देकर सरकार चुने. वोट देने का सभी को अधिकार है, किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न फंसे, सही नेतृत्व का चुनाव करे, जो 18 वर्ष के हो चुके हैं उन्हें मतदान करने का हक अधिकार है वे अपना नाम वोटर लिस्ट जुड़वा लें। मुख्य समारोह आडिटोरियम में हुआ, यहां विद्यार्थियों को ले जाया गया।

26 **महावि. में गणतंत्र दिवस मनाया –**

दिनांक 26 जनवरी 2019 को महावि. में 70 वां गणतंत्र दिवस डॉ. गंधेश्वरी सिंह प्राचार्य के उपस्थिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया, प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया, राष्ट्रगान गाया गया, डॉ. गंधेश्वरी सिंह प्राचार्य ने गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी व कहा कि देश की स्वतंत्रता हेतु वीर जवानों देशभक्तों ने बहुत तकलीफें झेली है, शहीद हुये हैं उन्हीं के बदौलत हम स्वतंत्र श्वास ले रहे हैं। डॉ. गनवीर ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने भारत में कानून के रूप में लिखित संविधान दिया है, संविधान के ऊपर कोई भी नहीं है, समय समय पर आवश्यकता के अनुरूप संशोधन होते रहते हैं। डॉ. एस आर. कुल्लोदे ने युवाओं को स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की अपील की, छात्रों ने गीत भी गाये, एन.सी.सी. स्टाफ व विद्यार्थी उप० रहे। कुल 43 छात्र एवं स्टाफ ने कदमताल की।

सत्र 2019-20

गतिविधियाँ (Activities)

① विश्व पर्यावरण दिवस मनाया -

शा० शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के गोद ग्राम "रामपुर" में दिनांक 05 जून 2019 को "विश्व पर्यावरण दिवस" को पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. श्रीमती गंगेश्वरी सिंह प्राचार्य के मार्गदर्शन में हुआ. श्री किशोर यादव सरपंच के अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम श्री किशोर यादव सरपंच ने स्वच्छताशपथ दिलाया, सभी से ग्राम के गली, मोहल्ले, घर, आंगन को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया।

डॉ. एस. आर. कुम्हारे सहा.प्रा. एवं एनएसएस अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष का विषय रखा गया है — "वायु प्रदूषण को रोके"। पेड़ों के कण-कण में देवता का वास होता है, डूमर, कोहा, नीम, प्राकृतिक रीचार्जर हैं. जो ज्यादा देर तक पानी रोकते हैं, पौधे दूषित वायु को सोखकर बदले में प्राणवायु देते हैं।

श्री लिकेश्वर सिन्हा, अतिथि व्याख्याता ने कहा कि जल, जंगल, जमीन जीवन के आधार हैं, इसके बिना जीवन अधूरा है, आज शुद्ध हवा मिलना मुश्किल हो गया है. पेट्रोल, डीजल फूंके जा रहे हैं, कोयले जलाये जा रहे हैं, ये प्रदूषण कैंसर जैसे महारोग को जन्म देते हैं, बूंद बूंद बचाकर पानी का सम्मान करने कहा।

श्री किशोर यादव सरपंच ने प्लास्टिक से होने वाले खतरों से अवगत कराया. प्लास्टिक के स्थान पर थैला का उपयोग करने कहा। सभा को चन्द्रकुमार विश्वकर्मा, अजय वर्मा, नितेश साहू ने संबोधित किया। इस अवसर पर श्री वीरबल सिन्हा, पंच, महिलासमूह, मितानिन, व रा.से.यो. स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

(2) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया -

21.6.2019

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में दिनांक को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस डॉ. गोमेश्वरी सिंह संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में मनाया गया। श्री हरिकांत उपाध्याय, योग प्रशिक्षक ने योगाभ्यास कराया। श्री उपाध्याय ने कहा कि योग आध्यात्मिक अनुशासन एवं अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित ज्ञान है जो मन और शरीर बीच सामंजस्य स्थापित करता है। डॉ. गोमेश्वरी सिंह संस्था प्राचार्य ने कहा कि योग विद्या का उद्भव हजारों वर्ष प्राचीन है, योग मात्र व्यायाम नहीं है, बल्कि स्वयं के साथ विश्व व प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। डॉ. एस.आर. कन्नोजे रा.से.यो. अधिकारी ने कहा कि योग जीवन के सभी पहलुओं में सामंजस्य बैठाता है, यह स्वास्थ्य संवर्धन, और जीवनशैली संबंधी विकारों को दूर करता है। योग निश्चित रूप से सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति प्रदान करने का साधन है।

श्री उपाध्याय ने अभ्यास के तहत ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटिचालन, घुटना चालन। योगासन के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्धउष्ट्रासन, शशांकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन कराया। प्राणायाम के तहत कपालभांति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, ध्यान करवाया, अंत में सभी को संकल्प दिलाया व शांति पाठ कराया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं रा.से.यो. के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया -

दिनांक 8.9.2019 को महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर डॉ. निर्मला डमोर प्रभारी प्राचार्य ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि मनुष्य प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ रचना है, मानव के अंदर छिपी विशेषताओं का विकसित होना आवश्यक है, आंतरिक विशेषताओं का उन्नयन शिक्षा के माध्यम से होता है, जिस समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार जितना ज्यादा होता है वह उतना ही उन्नत, सम्पन्न और विकसित होता है, उन्नत राष्ट्रों में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था है। डॉ. एस. आर. कलमे रा.से.यो. अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि साक्षरता, शिक्षा की पहली सीढ़ी है, और शिक्षा किसी भी समाज या राष्ट्र के विकास की आधारशिला है, ऐसा माना जाता है कि निरक्षरता और निर्धनता एक ही सिक्के के दो पहलू है, निरक्षरता और निर्धनता का समानुपातिक संबंध भारत में दिखाई देता है। इस अवसर पर महावि. के स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। 35 छात्रों ने भाग लिया।

55 छात्रों ने भाग लिया।

3. विश्व ओजोन संरक्षण दिवस मनाया -

दिनांक 16.9.2019 को महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जनजागरूकता हेतु "विश्व ओजोन संरक्षण दिवस" पर "निबंध प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया, विषय - "ओजोन परत - धरती की सुरक्षा कवच" महाविद्यालय के 29 विद्यार्थियों ने निबंध में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किये जायेंगे।

प्रथम स्थान - कु. प्रियंका शुक्ला - बी.एस.सी. 3 वर्ष

द्वितीय स्थान - लितेश डिल्लीवार - बी.एस.सी. 2 वर्ष

तृतीय स्थान - कु. हेमलता उइके - बी.एस.सी. 1 वर्ष

36 छात्रों ने भागीदारी की।

20. **महावि. में मानव अधिकार दिवस मनाया -**

दिनांक 10 दिसम्बर 2019 को "मानव अधिकार दिवस" मनाया गया, डॉ. गन्धेश्वरी सिंह संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्यअतिथि श्री मनोज चौधरी, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, विशेष अतिथि श्री राजेश सिंह चंदेल प्रतिधारक अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना रहे। डॉ. सिंह ने सभी को मानव अधिकार दिवस पर शपथ दिलाई, उन्होंने कहा कि सभी मनुष्य जन्म से स्वतंत्र हैं और अधिकारों एवं मर्यादा में समान है सभी को जीवन, स्वाधीनता व सुरक्षा का अधिकार है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध में मानव जाति का विनाश हुआ उसे देखते हुये संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिस० 1948 को मानव अधिकारों की सार्वलौकिक घोषणा की। छात्रसंख्या (65)

आयोजित गतिविधियाँ

सत्र - 2020-21

1. महावि. में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया –

दिनांक 05.6.2020 को महावि. में "विश्व पर्यावरण दिवस" मनाया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. आई. आर. सोनवानी ने गार्डन में फलदार पौधे जामुन, चिकू, सीताफल, करौंदा, आँवला के लगाये। उन्होंने कहा कि प्रकृति व मानव के मध्य संतुलन रहना नितांत जरूरी है, संतुलन बिगड़ने से पर्यावरणीय संकट उत्पन्न होता है, हर मानव का कर्तव्य है कि प्रकृति व पर्यावरण की सुरक्षा के लिये अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे व मानव जीवन को बचाने में मददगार बनें। डॉ. एस. आर. कन्नोजे सहा. प्रा. ने कहा कि दिनोदिन प्राकृतिक संसाधन कम होते जा रहे हैं, बढ़ती हुई जनसंख्या के सामने संसाधन कम पड़ते जा रहे हैं, हम प्रकृति के साथ चलें, इसी में हम सभी की भलाई है। इस अवसर पर महावि. के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

शास. शिवनाथ विज्ञान महा. राजनांदगांव

2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया –

दिनांक 21.06.2020 को 6वाँ "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" महावि. स्टॉफ व विद्यार्थियों ने अपने घर व परिवार के साथ मनाया। इस वर्ष का थीम था – "योगा एट होम एण्ड योग विद फैमिली"। योग सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित ज्ञान है जो मन व शरीर के बीच सामंजस्य बनाता है। प्राचार्य महोदय व स्टॉफ ने अपने घर में परिवार के साथ योगा के प्रोटोकाल को पालन करते हुये ग्रीवाचालन, कटिचालन, घुटनाचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, मकरासन, भुजंगासन किया। प्राणायाम के तहत भ्रामरी, कपालभाति, अनुलोम–विलोम, नाड़ी शोधन, उज्जायी, किया।

शास. शिवनाथ विज्ञान महा. राजनांदगांव

Scanned with OKEN Scanner

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 08 मार्च को "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" मनाया

राजनांदगांव। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव में 08 मार्च को प्राचार्य डॉ. **गन्धेश्वरी** सिंह के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अपने उद्‌बोधन में उन्होंने महिलाओं को अधिक से अधिक शिक्षित होने तथा संघर्ष से न घबराने हेतु प्रेरित किया। डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि ईश्वर की हर रचना में स्त्री का खाश महत्व है। आप अपने आप को प्यार करो, अपने आप को डेव्हलप करो तभी आप दूसरों को भी प्यार कर सकते हैं। उन्होंने कहा पहले पितृसत्तात्मक समाज था, पर आज समय बदल गया है लड़कियाँ पढ़ कर आपके बराबर नौकरी कर रही हैं। ऐसे में दोनो को साथ मिलकर काम करना होगा तभी परिवार खुशहाल हो पायेगा।

प्रो. निर्मला जैन ने कहा कि महिलाओं को हर बाधा पार करके पढ़ना है, दूसरों से सहायता लेना भी सीखना होगा तभी आप संसाधनों के न होने पर भी आगे बढ़ सकती है। प्रो. एलिजाबेथ भगत ने कहा कि गाड़ी के दोनों पहिये में हवा बराबर होने से ही गाड़ी अच्छी चलती है वैसे ही परिवार रूपी गाड़ी दोनों के सामंजस्य से मिलकर काम करने से ज्यादा अच्छी चलती है। प्रो. फुलसो पटेल ने प्राचीन समय से लेकर आधुनिक समय की शक्ति सम्पन्न विद्वान महिलाओं के बारे में बताया और कहा कि महिलाएं सशक्त हैं उनकी शक्ति पर संदेह का प्रश्न ही नहीं है, जरूरत है समाज में पुरूषों की सोच में परिवर्तन लाने की।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नागरत्ना गनवीर ने सभी महिला अधिकारी, कर्मचारियों व छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत 1908 में न्यूयार्क से हुई थी। दरअसल यहीं कई हजार महिलाओं ने जो उद्योगों में काम करती थी रैली निकाली तथा नौकरी के घंटे कम करने और वेतन बढ़ाने के लिए मांग की थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 08 मार्च 175 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की घोषणा की। 2014 तक सौ से अधिक देशों ने महिला दिवस मनाना प्रारंभ कर दिया। उन्होंने महिलाओं के लिए साहस का प्रतीक बैंगनी कलर दिया और महिला दिवस मनाने का एक मात्र कारण महिलाओं के खिलाफ होने वाले भेदभाव को समाप्त करना था। महिलाओं के विकास पर ध्यान केन्द्रित कर उनकी समस्याओं पर विचार कर जेंडर इक्वालिटी की दिशा में प्रगति हेतु अभियान चलाने यह दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार ने 2001 को महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया और महिलाओं के विकास के लिए राष्ट्रीय नीति बनाई। प्रो. स्वाति तिवारी ने कहा कि पुरूष अपनी मानसिकता बदले और स्त्रीयों को हर क्षेत्र में सहयोग करेगा तभी परिवार, समाज और देश का विकास होगा। अंत में संयोजक डॉ. गनवीर ने सभी को हार्दिक बधाई और धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रो. निर्मला जैन, प्रो. निर्मला उमरे, प्रो. फुलसो पटेल, प्रो. भगत, प्रो. स्वाति, मोनिका, उमा, नंदिनी एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ एवं छात्र उपस्थित रहे।

डॉ. गन्धेश्वरी सिंह
प्राचार्य
शास. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

Principal
Govt. Shivnath Science College
Rajnandgaon (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2020

08-मार्च 2020 / अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन, समस्त प्राध्यापकों द्वारा प्राचार्य का स्वागत

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विद्यार्थी उपस्थित

प्रेस विज्ञप्ति

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

राजनांदगांव– दिनांक 09.03.2021 को शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आई.आर. सोनवानी के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ट एवं एन.एस.एस. द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आदरणीय सुरेशा चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव थी। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं में सशक्त है, उन्हें अपने रहन–सहन बोलने के तरीके, काम करने के तरीके में एक आत्म विश्वास होना चाहिए। लडकियां अपने पूरे परिवार समाज और राष्ट्र का स्वाभिमान है। वे किसी की बराबरी करने की कोशिश न करें, बल्कि लोग उनकी बराबरी में दौड़ लगाएं। महिलाओं को स्वयं का सम्मान करना होगा तभी समाज भी उनका सम्मान करेगा।

सरेशा चौबे मैडम ने महाविद्यालय की छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के लिए डेमों कक्षाऐं बताया। उन्होंने मोबाईल, पेन, बाटल द्वारा आत्म सुरक्षा के तरीके सीखाए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आई.आर. सोनवानी ने कहा कि नारी बिना अधुरा है नर और नारी से ही बसता है घर। उन्होंने ने कहा नारी की स्वतंत्रता के लिए भारत में सर्वप्रथम महात्मा बुद्ध ने आवाज उठाई। उन्होंने महिलाओं स्वतंत्रता के लिए भी आवाज मुखरित किया। पश्चिमी समाज में नारीवादी आंदोलन लैंगिक समानता की बात करता है, जबकि भारत में नारीवादी आंदोलन महिलाओं के सशक्तिकरण और उत्थान से संबंधित है। उन्होंने कहा वैश्वीकरण के युग में छात्राएं पश्चिमी संस्कृति का अनुकरण न करें। भारत में नारीवादी आंदोलन के विचारक प्रीती से प्रीत उत्पन्न कर नारी का सम्मान और प्रगति करना चाहते है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रज्ञा गुप्ता (अध्यक्ष जन–भागीदारी समिति) ने किया उन्होंने कहा की आज का दिन महिलाओं के सम्मान का दिन है। भारत में इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार, सुमित्रा महाजन जैसे शीर्ष नेताओं ने अपने काम के कारण भारतीय राजनीति में नाम कमाया है। भारतीय संविधान नें हम सब महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाया है। पुरूषों की मानसिकता में बदलाव आना आवश्यक है क्योंकि महिलाएं कंधे से कंधा मिला कर परिवार समाज और देश के उत्थान में अपना योगदान दे रहीं हैं।

Scanned with OKEN Scanner

डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि महिला–पुरूष में कोई भेदभाव नहीं होने पर ही मानव समाज का विकास हो सकता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नागरत्ना गनवीर ने कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों के स्वागत से किया उन्होंने कहा कि विश्व की शुभ मंगलकारी, कल्याणकारी, शक्ति स्वरूपा नारी के सम्मान में आज का यह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की ऐतिहासिकता को स्पष्ट किया। सन् 1975 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने औपचारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के घोषणा की। इस अवसर पर फलेश्वरी (बी.एस.सी. तृतीय) में राज्य गीत–अरपा पैरी के धार की प्रस्तुती दी। कु. ईशिका (बी.ए. प्रथम) ने **मैं नारी हूं** कविता पढ़ी। इस अवसर पर बिल्किस खान (सब इंस्पेक्टर) मैडम तारम (टी.आई.) राजनांदगांव, सुनिता चौरसिया–पुलिस (काउंन्सलर) रानू गढ़पांण्डे–महिला आरक्षक, समारू राम–हेड कान्सटेबल तथा डॉ. निर्मला उमरे, प्रो. निर्मला जैन, प्रो. एस. आर. कन्नौजे, प्रो. अनिल चंद्रवशी, प्रो. पटेल प्रो. स्वाती, प्रो.पूजा, प्रो.मोनिका, प्रो.सीमा और बड़ी संख्या में छात्राएं एवं कर्मचार उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाए।

प्राचार्य
शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक- 09-03-2021 को शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन- मुख्य अतिथि- सुरेशा चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव

साइंस कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन
महिलाओं के प्रति सामाजिक सोच में बदलाव

राजनांदगांव। दिनांक 08.03.2022 को शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में, महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. नागरत्ना गनवीर के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वक्ता आदरणीय श्री देवाशीष ठाकुर, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजनांदगांव, विशेष अतिथि वक्ता, श्रीमती प्रिया कांकरिया, अधिवक्ता राजनांदगांव, श्री राजेश चंदेल सीनियर अधिवक्ता, राजनांदगांव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, श्रीमती प्रज्ञा पंकज गुप्ता ने की।

कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों को गुलाब के पौधे देकर किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा राज्य गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि शिक्षा, सत्ता और आर्थिक स्वतंत्रता से ही महिला सशक्त हो सकती है, अतः महिला शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए उन्हें अधिक से अधिक सुविधाएं देना आवश्यक हैं। मुख्य अतिथि माननीय देवाशीष ठाकुर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का महत्व तब और बढ़ जाता जब सामाजिक सोच में बदलाव आये और महिलाओं को बराबरी का हक दें। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है। प्रिया कांकरिया (अधिवक्ता) ने कहा कि इस प्रकार के महिला दिवस के आयोजन से महिलाओं को प्रेरणा मिलती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए संविधान एवं सरकार अनेक कानून बनाये गये है लेकिन लड़कियों को अपनी आवाज खुद उठानी होगी, महिला पुरूष बराबर हैं इसकी शुरूआत घर से ही संस्कारों द्वारा की जा सकती है। श्री राजेश चंदेल ने कहा कि समाज को अपनी सोच बदलना ही होगा क्योंकि महिलाओं में पुरूषों की तरह ही कार्यक्षमता है इसमें कोई संदेह नहीं है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती प्रज्ञा पंकज गुप्ता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण दिवस केवल एक दिन के लिए नहीं है। केवल एक दिन मनाने से कुछ नहीं होगा। प्रतिदिन महिला को सशक्त करने और बराबरी का हक देना होगा तभी परिवार, समाज और देश का विकास होगा। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नागरत्ना गनवीर ने कहा कि महिलाओं के शोषण के विरूद्ध 1909 में न्यूयार्क में पहली बार पन्द्रह हजार महिलाओं ने आवाज उठाई। मार्च 1911 में अधिकांश यूरोपियन देशों में महिला दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 1975 में 08 मार्च को अधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की घोषणा की तभी से भारत एवं दुनिया के सभी देशों में महिलाओं को सम्मान देने के लिए महिला दिवस मनाया जाता है। कु. संजना ने स्लोगन, पुष्पेन्द्र ने मातृगीत, नेहा ने महिला शक्ति गीत गाकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर आभार एवं धन्यवाद डॉ. फुलसो पटेल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक डॉ. ए.एन.माखीजा, डॉ. एलिजाबेथ भगत, श्रीमती सीमा ए. लाल, प्रो. गुणवन्ता खरे, प्रो. परमेश्वर वर्मा, प्रो. मोनिका महोबिया, प्रो. सीमा पंजवानी, प्रो. प्रियंका साहू, श्रीमती नंदिनी कुर्रे, श्रीमती उमा हिड़ामे, श्री परेश वर्मा, प्रो. परमानंद बंधे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। डॉ. नागरत्ना गनवीर ने सभी को बधाई दी।

प्राचार्य
शास.शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय,
राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

8 मार्च 2022 / अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रिया कांम्बले - अधिवक्ता राजनांदगाँव, उद्बोधन

महिला दिवस पर नेहा गीत प्रस्तुत करते हुए

Scanned with OKEN Scanner

Comfin Exam
DATE:..................

विश्व वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया -

दिनांक 02 से 08 अक्टूबर 2020 तक महावि. में विश्व वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया गया, डॉ. आई. आर. सोनवानी संस्था प्राचार्य ने कहा कि वन्यजीव धरती के श्रृंगार है, हर हाल में हमें इनकी सुरक्षा करनी है. इनके अनुपस्थिति में धरती रेगिस्तान बन जायेगा। डॉ. एस. आर. कन्नौजे ने कहा कि तेजी से हो रहे वन विनाश, औद्योगीकरण, के कारण जीवजंतु लुप्त हो रहे है, पहले इनके दर्शन आसानी से हो जाते थे लेकिन अब नहीं। डॉ. कुलस्ते राजेश पटेल ने कहा कि जीवों के रक्षा व महत्व को जीवों को भगवानों के वाहन बनाया गया है, यदि इसी प्रकार से जीव लुप्त होते रहे तो जीवों के दर्शन सिर्फ मूर्तियों में व फोटो में भी दिखेगें।

10. **विश्व खाद्य दिवस मनाया –**

दिनांक 16.10.2020 को "विश्व खाद्य दिवस" मनाया गया। डा. आई. आर. सोनवानी सस्य प्राचार्य ने कहा कि जनसंख्या में तेजी से हो रही वृद्धि, भौगोलिक दशायें, प्राकृतिक आपदा, निर्धनता, सिंचाई सुविधा का अभाव आदि ऐसे कारण हैं, जो खाद्य समस्या बनकर उभर रही हैं, इन्हें दूर कर खाद्य उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। डॉ. निखिला दुमरे ने कहा कि तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या समस्या संकट का कारण बन सकता है। डा - एस. आर. कन्नौजे स.सं.भो. अधिकारी ने कहा कि जनसंख्या के अनुपात में कृषि उत्पादन कम हो रहा है, जिसका [illegible] उत्पादन पर पड़ रहा है। मनुष्य द्वारा [illegible] उपभोग किये जाने वाले खाद्य पदार्थ खाद्य संसाधन कहलाते हैं।

[stamp] ... विज्ञान ... राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner



12. **राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया** -

दिनांक 31.10.2020 को सरदार वल्लभ भाई पटेल (लौहपुरुष) के जन्मदिवस को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाया गया। प्रो. आई. आर. सोनवानी सहा. प्राचार्य ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला, सरदार पटेल ने लगभग 600 देशी रियासतों को एक में मिलाकर राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया। डॉ. सोनवानी ने सभी उपस्थित जनों को "राष्ट्रीय एकता शपथ" दिलाई। डॉ. कन्नौजे ने कहा कि सरदार पटेल का एकता का मंत्र देश का जीवन संस्कार है और उनकी जयंती भारत की एकता का पर्व है, सरदार पटेल ने देश की एकता को एक सूत्र में पिरोने का महत्वपूर्ण कार्य किया, उन्हें विचार हमें जीने की प्रेरणा देते हैं। डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि लौह सरदार की प्रतिमा गुजरात के केवडिया में नर्मदा नदी के किनारे स्थापित की गई है जो हमें एकता का संदेश देते हैं।

13. **कौमी एकता दिवस मनाया गया** - 15.

दिनांक 19.11.2020 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के जन्मदिवस को "कौमी एकता दिवस" के रूप में मनाया गया। डॉ. आई. आर. सोनवानी सहा. प्राचार्य ने सभी को कौमी एकता की शपथ दिलाई तथा कहा कि श्रीमती गांधी ने सभी जाति, धर्म, सम्प्रदाय के लोगों को एक साथ लेकर चलने का गुण था, वो गरीबों की मसीहा कहलाती थी, उन्होंने सिंडिकेट को अलग किया, बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बांग्लादेश का निर्माण किया वे 20वीं सदी की विश्व राजनीतिक मंच की एक महान राजनेता थी, उनका जीवन उपलब्धियों से भरा रहा, उन्हें "भारत रत्न" जैसे नागरिक सम्मान से भी प्रदान किया गया, उनकी याद सदैव भारतीयों के दिल में बना रहेगा। इस अवसर पर अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

14. संविधान दिवस मनाया गया –

महावि. में दिनांक 26/11/2020 को डॉ. आई. आर. सोनवानी सहा. प्राचार्य के मार्गदर्शन में रा.से.यो. व राजनीति विभाग के तत्वाधान में "संविधान दिवस" मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने सभी को संविधान के उद्देशिका को पढ़ा जिसे सभी ने दोहराया, प्राचार्य महोदय ने कहा कि संविधान भारत के लिये राष्ट्रीय ग्रंथ है, इसे समाज के हर व्यक्ति को जानना जरूरी है, इसमें सभी महत्वपूर्ण तथ्यों का समावेश किया गया है, इसमें स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व की भावना भरी हुई है यह देश की जीवन रेखा है। डॉ. नागरत्ना गनवीर ने कहा कि इसे बनाने में 2 वर्ष 11 माह व 18 दिन लगे हैं यह पूरे विश्व का सबसे विस्तृत संविधान है, समय व परिस्थिति के अनुसार इसमें संशोधन होते रहते हैं। डॉ. एस. आर. कुर्रे ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान को अंगीकार किया गया और इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।

15. विश्व एड्स दिवस मनाया गया –

महावि. में दिनांक 01.12.2020 को एड्स के प्रति जागरूकता लाने की दृष्टि से डॉ. आई. आर. सोनवानी सहा. प्राचार्य के मार्गदर्शन में रा.से.यो. इकाई व यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा "विश्व एड्स दिवस" मनाया गया। डॉ. सोनवानी ने कहा कि यह रोग अशिक्षा व अज्ञानता के कारण तेजी से पाँव पसार रहा है, वर्तमान में लोग आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं, यदि हम ब्रम्हचर्य व गृहस्थ आश्रम का ईमानदारी से पालन करें तो हम स्वयं को व समाज को बचा सकते हैं। डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के पैदा हुआ यह रोग हमारे लिये चुनौती है, अनदेखी व लापरवाही ने इस रोग को बढ़ाने में मदद की है। डॉ. [illegible] एच.आई.वी. फैलने के इसके कारण लक्षण व बचाव के उपाय बताये। [illegible] के लिये जरूरी बताया।

16. मानव अधिकार दिवस मनाया —

महावि. में 10 दिसम्बर 2020 को राजनीति विज्ञान विभाग व एन.एस.एस. द्वारा मानव अधिकार दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. आई. आर. सोनवानी ने कहा कि 12 अक्टू. 1993 को भारत में मानव अधिकार आयोग का गठन किया गया तभी से यह आयोग क्रियाशील है, मानव के जो अधिकार है वो मानव के सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक है। डॉ. नागरत्ना गनवीर ने कहा कि मानव अधिकारों की माँग का प्रारंभ सर्वप्रथम इंग्लैंड में 15 जून 1215 से हुआ, इसे मैग्नाकार्टा के नाम से जाना जाता है। इतिहास विभाग की डॉ. कुलश्री राजेश पटेल ने कहा कि मानव अधिकारों की सुरक्षा के उपाय पर प्रकाश डाला। डॉ. सुरेश कुमार कन्नौजे रा.से.यो. अधिकारी ने मानव अधिकारों के घोषणा पत्र की 30 धाराओं की जानकारी दी। इस प्रकार स्टॉफ व 100 से अधिक विद्यार्थी online जुड़े रहे।

शास. शिवनाथ वि. महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.)

17.

18. **स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया —**

दिनांक 12.1.2021 को

स्वामी विवेकानंद जयंती "राष्ट्रीय युवा दिवस" के रूप में डॉ. वाई.आर. सोनवानी संस्था प्रमुख के मार्गदर्शन में रा.से.यो. रेड रिबन क्लब, व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। डॉ. सोनवानी ने कहा कि स्वामी जी के विचार युवाओं को प्रेरणा देने वाले व सफलता का मार्ग दिखाने वाला है, युवाओं के जोश व होश युवाओं के सोच, समाज व देश को एक नई दिशा दे सकते हैं। डॉ. एस. आर. कन्नोजे रा.से.यो. अधिकारी ने कहा कि मेहनती व महत्वाकांक्षी युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं, किसी भी स्थिति में चुनौतियों को स्वीकार कर सकते हैं। डॉ. स्वाति तिवारी ने कहा कि युवा, जल की दिशा को मोड़ सकता है, युवा कभी भी खुद को कमजोर न समझे, युवाओं की शक्ति समाज व देश की धरोहर है। प्रो. अनिल चंद्रवंशी ने कहा कि युवाओं को चेतना सम्पन्न होना चाहिए, जो जैसा सोचता है वैसा ही बन जाता है।

डॉ. कुलसी राकेश पटेल ने कहा कि स्वामी जीने युवाओं से आव्हान किया कि "उठो, जागो और तब तक ना रूको जब तक कि लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए"। उनका "मुझको नहीं तुमको Not me But You" वाक्य को एन.एस.एस. में अंगीकार किया गया है, स्वामी जी एन.एस.एस. में प्रेरणा पुरूष के रूप अपनाये गये हैं। परोपकार की भावना यह वाक्य सिखाता है, युवाओं की सोच हमेशा सकारात्मक होना चाहिए, नकारात्मक नहीं।

इस अवसर पर "विश्व एड्स दिवस" के अवसर पर आयोजित निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता तथा "राष्ट्रीय युवा दिवस" पर आयोजित निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले, विद्यार्थियों को नगद राशि व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महावि. के स्टॉफ, विद्यार्थी व ऑनलाइन से जुड़े रहे।

DATE 21

19. 23 जनवरी को सुभाष जयंती मनाया —

दिनांक 23.1.2021 को डॉ. आई. आर. सोनवानी संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में सुभाषचन्द्र बोस के जन्मदिवस को "पराक्रम दिवस" के रूप में 125वीं जन्म जयंती रा.से.यो. एवं इतिहास विभाग के तत्वाधान में मनाया गया। डॉ. सोनवानी ने कहा कि नेता जी ने क्रांतिकारी आंदोलन में उत्कृष्ट एवं अहम भूमिका निभाई। उनकी अदम्य साहस एवं वीरता की पहचान पूरे दुनिया में है, नेताजी की शिक्षा भारत व इंग्लैंड में हुई। वे जर्मनी व जापान की सहायता लेकर भारत को आजाद कराना चाहते थे। डॉ. एस. आर. कुलोत्ते रा.से.यो. अधिकारी ने कहा कि नेताजी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे अधिक साहसिक व्यक्ति थे, पूरे भारतवासी उन्हें "नेताजी" कहते थे, भारत को स्वतंत्र कराने का उनका सपना था। उन्होंने "जयहिन्द" का नारा दिया। सभा को डॉ. फूलबासी राकेश पटेल इतिहास विभाग ने संबोधित करते हुये नेताजी के योगदान को बतलाया। इस अवसर पर महावि. के प्राध्यापक, कर्मचारी व विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़े रहे।

20. राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया —

दिनांक 25.1.2021 को महावि. में डॉ. आई. आर. सोनवानी, संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" मनाया गया। प्राचार्य ने सभी को मतदान हेतु शपथ दिलाया तथा कहा कि जिन्हें 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है वे अपना मत का प्रयोग करें। मतदान का अधिकार हमें संविधान ने उपहार में दिया है। चुनाव के समय उम्मीदवार प्रलोभन देते हैं, हमें इससे बचके रहें। डॉ. एस. आर. कुलोत्ते रा.से.यो. अधिकारी ने कहा कि फार्म नं. 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में अंकित करवायें, वोट के प्रति स्वयं सजग रहें व समाज को भी जागरूक करें। डॉ. एलिजाबेथ भगत समाजशास्त्र विभाग ने कहा कि हमें जाति, धर्म, लिंग, वर्ग के आधार पर मतदान नहीं करना है। विद्यार्थी शिक्षित, बौद्धिक व शारीरिक रूप से सशक्त हो। इस अवसर पर महावि. के स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव

191/धक/

Camlin Exam
DATE:......................

21. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया —

दिनांक 8.3.2021 को महाविद्यालय में श्रीमती सुरेखा चौबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मुख्य आतिथ्य व श्रीमती प्रभा गुप्ता अध्यक्ष जनभागीदारी समिति की अध्यक्षता में "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" मनाया गया। सर्वप्रथम कु. कलेश्वरी साहू विद्यार्थी ने राज्यगीत गाया। डॉ. आई. आर. सोनवानी संस्था प्राचार्य ने कहा कि नारी बिना अधूरा है नर और नारी से ही बसता है घर, सर्वप्रथम महात्मा बुद्ध ने नारी की स्वतंत्रता के लिये आवाज उठायी। श्रीमती सुरेखा चौबे ने कहा कि महिला स्वयं में सशक्त है उन्हें अपने आप में आत्मविश्वास होनी चाहिये। लड़कियाँ पूरे समाज, व राष्ट्र का स्वाभिमान है, किसी की बराबरी करने की कोशिश न करे बल्कि हम उनकी बराबरी करने के लिए दौड़ लगाये। श्रीमती प्रभा गुप्ता ने कहा कि भारत में अनेक विदुषी महिलायें हुई हैं। भारतीय संविधान ने हमें अधिकार सम्पन्न बनाया है, पुरुषों के समाज में बदलाव आना आवश्यक है।

22. गणतंत्र दिवस मनाया —

दिनांक 26.1.2021 को डॉ. आई. आर. सोनवानी संस्था प्राचार्य ने महावि. में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया तथा संबोधन में कहा कि आज के दिन देश का कानून (26 जन-1950) लागू हुआ है। कानून का सभी भारतवासी को पालन करना होता है, अपने अधिकार के साथ ही अपने कर्तव्य को समझें। सभा को प्रो. नागरत्ना गनवीर, डॉ. निर्मला उमरे, डॉ. एम. आर. कन्नौजे, डॉ. स्वाती तिवारी ने संबोधित किया। इस अवसर पर देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दिया गया, महावि. के सभी स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

आयोजित गतिविधियाँ
सत्र-2021-22

(1) विश्व पर्यावरण दिवस मनाया -

दिनाँक 05-06-2021 को महावि. में "विश्व पर्यावरण दिवस" मनाया गया। प्राचार्य महोदय डॉ. आई.आर. सोरवाली ने गार्डन में गुलमोहर व आम के 05 पौधे लगाये। डॉ. सोरवाली ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदूषण की समस्या पर 1972 में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने स्वीडन में पहला सम्मेलन आयोजित किया था, जिसमें विश्वभर के 119 देशों ने भाग लिया। पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है। प्रतिवर्ष एक वर्ष एक विषय लिया जाता है, इस वर्ष का विषय है - "ईको सिस्टम को मूल रूप में लाना है।" सभी से कहा कि प्रकृति से सामन्जस्य बनाकर चले, हम प्रकृति के दास हैं स्वामी नहीं। सभी पौधों की देखभाल महावि. कर्मचारी और सभी से इस प्रकार के कार्य करने की अपील की।

www.navbharat.org

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा 31 मई को नशा उन्मूलन अभियान के तहत ग्राम रामपुर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व भारतीय रेडक्रास इकाई के तत्वाधान में डॉ. निर्मला उमरे संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में मनाया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रत्ना बोरकर सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर रही. कार्यक्रम प्रारंभ उपस्थित ग्रामीणों को तम्बाकू का प्रयोग न करने का संकल्प पत्र भरवाया गया तथा उन्हें नशापान नहीं करने हेतु शपथ दिलाया गया. डॉ. एसआर कन्नोजे, रासेयो अधिकारी ने कहा कि प्रतिवर्ष लोगों में तम्बाकू के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से 31 मई को यह दिवस मनाया जाता है, इस बार का विषय रखा गया है- पर्यावरण की सुरक्षा करें. जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड इन सर्विसेस के अनुसार भारत में लगभग 27 करोड़ लोग तम्बाकू का सेवन करते है इसके अलावा लगभग 12 करोड़ लोग धुमपान के आदि है. डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में तम्बाकू के कारण प्रतिवर्ष लगभग 13.5 लाख लोग मर जाते है जो कि चिंता का विषय है. डॉ. एलिजाबेथ भगत रेडक्रास प्रभारी ने कहा कि दुनिया में प्रतिवर्ष सिगरेट के उत्पादन में लगभग 60 करोड़ पेड़ काटे जाते है व 22 अरब लीटर पानी बरबाद हो जाता है. धुमपान से 84 करोड़ टन कार्बन डाई आक्साइड उत्पन्न होती है. बार-बार थूकने से स्वच्छता दूषित होती है जिससे वातावरण को भारी नुकसान होता है.

डॉ. फुलसो राजेश पटेल इतिहास विभाग ने कहा कि तम्बाकू के कारण 25 तरह की बीमारियां और लगभग 40 प्रकार का कैंसर हो सकता है, जिसमें मुंह, गले, फेफड़े, प्रोस्टेट, पेट को कैंसर तथा ब्रेन ट्यूमर प्रमुख है. प्रो. गुणवंता खरे हिन्दी विभाग ने कहा कि तम्बाकू धूंए से 500 हानिकारक गैसें व सात हजार अन्य रसायनिक पदार्थ निकलते है जिसमें निकोटीन व टार प्रमुख है.

नवभारत 02.06.2022

महाविद्यालय के अधिकारियों के नाम जिनकी उपस्थिति रही।

(1) डॉ० एस० आर० कन्नौजे (एन० एस० एस० अधिकारी) -
(2) डॉ० फुलसो राजेश पटेल - इतिहास विभाग -
(3) प्रो० गुणवंता खरे - हिन्दी विभाग -

संयोजक
रेडक्रास इकाई
डॉ० एलिजाबेथ भगत

Principal
Govt. Shivnath Science College
Rajnandgaon (C.G.)

विश्व एड्स दिवस

दिनांक 01/12/2021

शासकीय विश्वनाथ विज्ञान महाविद्यालय में यूथरेडक्रास इकाई द्वारा दिनांक 01/12/2021 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० आई० आर० सोनवानी के मार्गदर्शन में "विश्व एड्स दिवस" मनाया गया। एड्स दिवस पर प्रमुख रूप से एड्स रोकथाम जागरूकता विषय पर विद्यार्थियों हेतु पोस्टर मेकिंग तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि एड्स एक महामारी है, इसके संक्रमण के कारणों में सबसे अधिक असुरक्षित यौन संबंध, रक्त के आदान-प्रदान और गर्भवती मां से शिशु में संक्रमण को माना गया है। एड्स का इलाज के लिए शोध निरंतर जारी है। युवाओं में यह संक्रमण तेजी से फैल रहा है। समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तो देश के अस्तित्व के लिए घातक हो सकता है यद्यपि आज भारत में इससे प्रभावित लोगों की संख्या लगभग 25 लाख है इसलिए आज लोगों को जागरूक रहने की आवश्यकता है, क्योंकि जागरूकता ही बचाव है।

महाविद्यालय के एन० एस० एस अधिकारी डॉ० एस० आर कन्नौजे ने कहा कि एच० आई० वी वायरस शरीर के कोशिकाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है जिससे शरीर को रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाता है। असुरक्षित यौन संबंध एड्स बीमारी का प्रमुख कारण है।

इस विषय पर राजनीति विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ० नागरत्ना गनवीर ने कहा कि यदि एड्स से बचना है तो असुरक्षित यौन संबंध से बचना

गया। अवैध संबंधों से बचें, स्वच्छता का पालन करें, खान-पान पर विशेष ध्यान दें और समय-समय पर जांच अवश्य करायें।

एड्स से बचाव हेतु जागरूकता बढ़ाने यूथ रेड क्रास इकाई द्वारा पोस्टर मेकिंग एवं निबंध प्रतियोगिता रखा गया। प्रतियोगिता में 11 विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता और कुल 15 विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग सहभागिता दर्ज की और इनके माध्यम से समाज में जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक किया।

एड्स दिवस कार्यक्रम में सभी अधिकारी, कर्मचारी और महाविद्यालय के विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

उपस्थित अधिकारियों के नाम

(1) डॉ० एस० आर० कन्नौजे (एन.एस.एस. अधिकारी) —
(2) डॉ० नागरत्ना गनवीर (सांस्कृतिक प्रभारी) —
(3) प्रो० अनिल चन्द्रवंशी (वाणिज्य विभाग —
(4) डॉ० स्वाती तिवारी (वनस्पति विभाग —

क्र०	विद्यार्थियों के नाम	कक्षा	हस्ताक्षर
1	रोशनी चंदेल	बी. ए. (I)	रोशनी चंदेल
2	शारदा यादव	बी. ए. (I)	Shoroda yadav
(3)	कु० संजना सिगोतिया	बी.ए.(I)	Sanjana.
4	कु० कुमेश्वरी साहू	—॥—	कुमेश्वरी साहू
(5)	प्रिया साहू	B.A. I	[illegible]
(6)	लीना वर्मा	B.A. I	लीना वर्मा
(7)	निखिता खरे	B.A. (I) Year	Nikhita
(8)	नेहा देशमुख	BA(I) year	Neha Deshmukh
9)	पद्मिनी साहू	BA (I) year	पद्मिनी साहू
10)	खुशी यादव	B.A.(I) year	खुशी यादव
11)	किरण सलामे	B.A(I) year	किरण सलामे
12)	दीपिका मेश्राम	B.A.I) year	Devika Meshram
13)	कविता साहू	B.A(I) year	कविता साहू
14)	चंद्रिका	B.A (I) year	चंद्रिका
(15)	जितेन्द्र कुमार	B.A(I) year	[illegible]
(16)	लोकेश्वर	B.A. I year	लोकेश्वर
(17)	खेमराज	B.A. I year	[illegible]
(18)	पारस दास साहू	B.A First year	[illegible]
(19)	धुमेन्द्र साहू	B.A. First year	[illegible]
(20)	दीपक चंद्रवंशी	B.A. (I)	दीपक चन्द्रवंशी
(21)	टाकेश कुमार वर्मा	B.A. (I) year	Takesh
(22)	रूपेश वर्मा	B.A (I) year	Rupesh verma
(23)	लोमन पाल	B.A. (I)	[illegible]
(24)	युवराज सोनकर	B.A. (I)	[illegible]
(25)	योगराज साहू	B.A. (I)	Yogra J Sahu
(26)	देवआशीष साहू	B.A (I)	devaash
(27)	डोमन यादव	B.A (I)	डोमन यादव
(28)	भीषम	B.A (I) year	भीषम
(29)	कु० एकता कुमारी	B.sc III	Ekta
(30)	पुर्नेश कुमार	B.sc II	Dungesh
(31)	रंजना	B.sc II	Ranjna
(32)	योगिता ठाकुर	B.sc II	yogita

अंजना साहू B.sc II Sahu

(34) भारती साहू B.sc II भारती

(35) भानुप्रिया चन्द्राकर B.sc II (Bio) Bhanu

(36) कमलेश्वरी साहू B.A. III Kamleshwari Sahu.

(37) मनीष कुमार वर्मा B.A. II Manish

दिनांक 01/12/2021

एड्स से बचाव हेतु चर्चा करते युवारेडक्रास / रा.से.यो.

विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम

विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता में सम्मिलित

(5) कु. मोनिका महोबिया (गणित विभाग) —

(6) कु. प्रियंका साहू - अतिथि व्याख्याता (कम्प्यूटर विभाग) -

Principal

Scanned with OKEN Scanner

स्वच्छता कार्य

स्वच्छ भारत अभियान- पर्यावरण मित्रदल का योगदान

दिनांक 01.11.2019

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के यूथरेडक्रास इकाई के पर्यावरण मित्र दल द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० ज्योत्स्नेश्वरी सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई विशेषकर प्लास्टिक उन्मूलन का कार्य पर्यावरण मित्रदल के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कुछ विद्यार्थियों द्वारा कक्षा तथा बरामदों की सफाई कार्य किया गया। विद्यार्थियों ने इस कार्य को उत्साहित होकर किया तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी स्वयं से होकर महाविद्यालय परिसर की सफाई करते हुए परिसर को पूरी तरह से प्लासटिक मुक्त करने तथा इससे होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक किया और यथासंभव परिसर को साफ रखने विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया।

इस कार्य में प्राध्यापकों में डॉ० निर्मला उमरे, डॉ० नागरत्ना गनवीर, डॉ० फुलसो राजेश पटेल श्रीमती सीमा ए०लाल, कु० सीमा पंजवाणी (अंग्रेजी) हिन्दी विभाग के अतिथि प्राध्यापक श्री मुरारी उपाध्याय तथा पर्यावरण मित्र दल के 18 (अठारह) छात्र-छात्राओं ने इस कार्य में अपना योगदान दिया।

उपस्थित प्राध्यापक

डॉ० निर्मला उमरे

डॉ० नागरत्ना गनवीर

डॉ० फूलसो राजेश पटेल

संयोजक
यूथरेडक्रास इकाई

प्राचार्य
शासकीय विज्ञान महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

01.11.2019

मुख रेडक्रॉस पर्यावरण मित्रदल के विद्यार्थी स्वच्छता कार्य हेतु तैयार।

01.11.2019

महाविद्यालय परिसर की सफाई करते हुए।

अभिलाषा संस्था (दिव्यांग) का अवलोकन

x

दिनांक 21.01.2020

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के कला संकाय के कुल 67 विद्यार्थियों को यूथ रेडक्रास इकाई द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० उमेश्वरी सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ठाकुर प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम उ० मा० विद्यालय परिसर में संचालित अभिलाषा संस्था (दिव्यांग) का अवलोकन कराया गया। अवलोकन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को (मन में) समाजसेवा के प्रति जागरूक करना तथा गाँव और आस-पड़ोस में रह रहे दिव्यांग बच्चों को उनके शारीरिक मानसिक विकास हेतु ऐसे संस्थानों से अवगत कराना ताकि सभी का विकास हो सके।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी बड़ी सक्रियता दिखाई। दिव्यांग विद्यार्थियों से बात-चीत करके पढ़ाई और अनुशासन में रहकर खुश रहने हेतु प्रेरित किया। Boys और Girls हेतु बने अलग-अलग आवास का अवलोकन किया। उनके पढ़ाई की व्यवस्था, भोजन और संस्था द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में संस्था प्रमुख ने विद्यार्थियों को विस्तार से बताया और इस प्रकार के कार्य को देश सेवा का हिस्सा बताया।

महाविद्यालय के यूथरेडक्रास इकाई द्वारा अभिलाषा संस्था के बच्चों और संस्था को चलाने में सहयोग करने वाले कर्मचारियों को स्वल्पाहार का वितरण कर समाज सेवा का अवसर प्राप्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यापकों में डॉ० निर्मला उमरे, डॉ० नगरला मनीर डॉ० फुलसोरशोभा पटेल, कु० सीमा पंजवानी तथा हिन्दी विभाग से श्री. मुरारी उपा... उपस्थित रहे।

संयोजक
यूथरेडक्रास इकाई

शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.)

प्राचार्य शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

छात्रों के नाम Next - Page पर

अभियान मेगा के (शिविरार्थी) बालक एवं बालिकाएँ

मेगा का अवलोकन करने वाले महाविद्यालय के छात्रों के नाम निम्नलिखित हैं।

(1) मिनाक्षी नेताम B.A I	[illegible] B.A II	कोमल कुमारी B.A II
(2) अरविन्द कुमार B.A III	मधुबाला B.A II	रितेश कुमार B.A I
(3) पवन सिंह B.A III	ओमकार B.A II	अनुराधा निर्मलकर B.A I
(4) दुर्गा यादव B.A III	रेणुका नेताम B.A II	शिवकुमार B.A I
(5) ललिता साहू B.A I	प्रीति B.A III	[illegible] B.A I
(6) गंगा प्रजापति B.A I	युवराज कुमार B.A III	शिवकुमार B.A II
(7) डाली [illegible] B.A I	कविता B.A III	[illegible] B.A I
(8) सोनम B.A I	मेनू B.A III	हिना मरावी B.A I
(9) नीतू प्रजापति B.A I	हितेश कुमार B.A III	नितेश कुमार B.A I
(10) तुलसी [illegible] B.A I	अनिता नेताम B.A III	दिव्या B.A I
(11) नीलम साहू B.A I	मोहन कुमार B.A III	तेजस्वी [illegible] B.A I
(12) मनू साहू B.A II	बोध कुमार B.A III	पुष्पलता B.A III
(13) प्रमिला B.A I	सलिल चौधरी B.A III	अभिषेक यादव B.A I
(14) मुस्कान B.A II	दामेश्वर यादव B.A III	[illegible] यादव B.A III
(15) अनिता निषाद B.A III	चेतन वर्मा B.A I	
(16) कुमेश्वरी निषाद B.A III	भीमा साहू B.A I	
(17) प्रिया यादव B.A III	लोकेश्वर B.A I	

Scanned with OKEN Scanner

सत्र
2018-19

हरिभूमि

साइंस कॉलेज में योग दिवस पर आयोजन

हरिभूमि 02-7-2018

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में गत 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में मनाया गया। योग प्रशिक्षक के रूप में छबिकांत उपाध्याय रहे।

सर्वप्रथम प्रार्थना की गई कि हम सभी प्रेम से मिलकर चलें, मिलकर बोलें और सभी ज्ञानी बनें, अपने पूर्वजों की भांति हम सभी कर्तव्यों का पालन करें। खड़े होकर किए गए जाने वाले अभ्यास में ग्रीवाचालन, स्कंध संचालन, कटिचालन, घुटना संचालन किए गए। योगासन के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन किए गए। बैठकर

किए जाने वाले आसनों में भद्रासन, वज्रासन, अर्धउष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, वक्रासन किए गए। उदर के बल लेटकर किए जाने वाले आसनों में मकरासन, शलभासन, सेतुबंधासन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन किए गए।

प्राणायाम के तहत कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी किए गए। ध्यान के महत्व को बताते कहा कि यह नकारात्मक भावनाओं को दूर रखता है, भय, क्रोध, अवसाद, चिंता को दूर करता है और सकारात्मक भावनाओं को विकसित करने में सहायता करता है। अंत में सभी को संकल्प दिलाया गया कि मैं सदैव अपनी सोच में संतुलन रखूंगा, मैं अपने कर्तव्य निर्वहन के प्रति, कुटुंब और कार्य के प्रति तथा समाज व विश्व में शांति, स्वास्थ्य और सौहार्द के प्रसार के लिए कृत संकल्पित हूं। अंत में सभी जन शांतिपाठ किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कई प्रजाति के 200 पौधे रोपित

साइंस कॉलेज में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में गत 19 एवं 20 जुलाई को हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत पौधारोपण का कार्यक्रम जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। परिसर में विभिन्न प्रजाति के 200 पौधों को रोपित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में रासेयो के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि धरती में जीवन को संतुलित रखना है तो प्रकृति को संजोकर रखना होगा। दुनिया में हरियाली व खुशहाली हेतु वृक्षों का होना आवश्यक है। मानव की आबादी बढ़ने के साथ ही वृक्षों की संख्या कम होती गई। मानव ने अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग किया। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नौजे ने कहा कि वृक्षों को काटने से प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हुआ। धरती की जलवायु प्रभावित हुई। इसका भयंकर असर मौसम एवं जलवायु पर पड़ता दिख रहा है।

पौधे लगाने के साथ सुरक्षा जरूरी

डॉ. आभारानी कालबोर ने कहा कि पेड़-पौधे जलवायु को संतुलित करते हैं। पेड़-पौधे के जरूरी अंग हमें लाभ पहुंचाते हैं, हमें हर स्तर पर इन्हें बचाने, उगाने, इनकी सुरक्षा की कोशिश करनी चाहिए। डॉ. पुलस्से राजेश पटेल ने कहा कि नीम, तुलसी, बरगद, पीपल 24 घंटे ऑक्सीजन देते हैं। पेड़-पौधे ऑक्सीजन की फैक्ट्री हैं। कई तारों के नाम पेड़ों के नाम पर रखे गए हैं। पेड़-पौधों में देवता का वास माना जाता है। डॉ. एचएन मार्कोलेज ने कहा कि हरे वृक्ष है जीवन दाता, प्राणवायु और वर्षा लाता, बादलों को खींचने की शक्ति वृक्षों में होती है, जहां अधिक पेड़ होते हैं वहां वर्षा भी अधिक होती है। अमित चंद्रवंशी ने कहा कि वन है तो जल है और जल है तो रोटी है रोटी है तो जीवन है, यदि जल से भरा जहान चाहता है तो हर खाली जगह पर पौधारोपण करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ व अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

हरिभूमि 26-7-2018

स्वयंसेवकों को दी गई गतिविधियों की जानकारी

राजनांदगांव। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

राजनांदगांव। नईदुनिया न्यूज

शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा ओरिएन्टेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नौजे ने एनएसएस के इतिहास, उद्देश्य, लक्ष्य, महत्व के बारे में बतलाया, रासेयो के बैच, डायरी, नियमित व शिविर गतिविधियों, विभिन्न स्त्रोतों के निर्देश, रासेयो के अधिकारियों, गीतगान, रासेयो के बोल, स्लोगन, महत्वपूर्ण दिवस, सप्ताह, एवीसी प्रभाग-पर्वों के महत्व को विस्तार से बताया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि रासेयो निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए योजना का प्रारंभ किया गया है, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग नई-दिल्ली द्वारा प्रायोजित है।

विद्यालय के साथ ही महाविद्यालय में यह पद्युक्त गतिविधियां संचालित है, प्रतिवर्ष 100 छात्रों का पंजीयन किया जाता है, 1969 से प्रारंभ होकर आज 49 वर्ष का हो गया है। समाज सेवा के माध्यम से छात्रों का सर्वांगीण विकास प्रमुख लक्ष्य है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित थे।

नईदुनिया 26.7.2018

Scanned with CamScanner

प्लास्टिक उन्मूलन जागरूकता पर कार्यक्रम

आयोजन

- विश्व पर्यावरण दिवस पर रासेयो का आयोजन

नवभारत संवाददाता, राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस ग्राम बाघनदाई में डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्लास्टिक उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत को मेजबानी दिया है. साथ ही प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्ति शीर्षक के तहत प्लास्टिक समस्या से मुक्ति के लिए जन जागृति पैदा करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवन लाल वर्मा सरपंच बाघनदाई रहे.

कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए डॉ.एस.आर.कन्नौजे रा.से.यो. अधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व में सबसे ज्यादा समस्या प्लास्टिक कचरे की है. भारत में दुष्प्रभाव स्पष्ट दिख रहा है ग्रामीणों में प्लास्टिक कचरों के प्रबंध में हेतु तत्परता एवं सजगता नहीं है. [illegible] सिन्हा ने कहा कि प्लास्टिक में ही कुछ रासायनिक विषाक्त पदार्थ होता है जो पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं वे कैंसरकारक होते हैं. ये पानी नहीं होने के कारण लोकनिर्भर है, खेती की भूमि व मिट्टी को प्रदूषित करते हैं. भुवन लाल वर्मा सरपंच ने कहा की हमें हवा, पानी, भूमि को संरक्षित रखना है. बूंद बूंद जल को बचाना है जल रहेगा तभी कल रहेगा. सभा को छात्र राजेश साहू ने भी संबोधित किया इस अवसर पर समस्त पंच गण, सचिव, ग्रामीण जन मौजूद रहे. रा.से.यो. स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्लास्टिक के विरूद्ध जनजागरूकता पैदा किया. छात्र अक्षय वर्मा, विजय कुमार साहू दलनायक ने समूह का नेतृत्व किया.

नवभारत 08.06.2018

नवभारत

पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान

नवभारत संवाददाता, राजनांदगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जंगलपुर विकासखण्ड डोंगरगांव में प्राचार्य श्रीमती नीना गुप्ता के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राध्यापक एस. आर. कन्नौजे ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के विभिन्न उपायों पर विस्तृत चर्चा की. श्री कन्नौजे ने बच्चों से कहा कि आज हम पौधों को बचाएंगे तो कल यही पौधे वृक्ष बनकर हमारे पर्यावरण को बचाएंगे। उन्होंने जीवन एवं पर्यावरण के लिए वनों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए छात्र-छात्राओं से पौधों एवं वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की. विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विद्यालय परिसर के छात्र-छात्राओं को पौधों की सुरक्षा के साथ ही जल के संरक्षण पर जोर देने की बात कही. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की पर्यावरण प्रभारी व्याख्याता श्रीमती बिन्दु तिवारी ने किया. इस अवसर पर विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक चन्द्रवंशी, कृषि इंस्ट्रक्टर सराजीत सरजू, विद्यालय के इको क्लब के सदस्य तथा कृषि संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

नवभारत 25.07.2018

पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान आयोजित

जंगलपुर। नईदुनिया न्यूज

उच्चतर माध्यमिक शाला जंगलपुर में प्राचार्य नीना गुप्ता के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राध्यापक एसआर कन्नौजे ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के विभिन्न उपायों पर विस्तृत चर्चा की।

कन्नौजे ने बच्चों से कहा कि आज हम पौधों को बचाएंगे तो कल यही पौधे वृक्ष बनकर हमारे पर्यावरण को बचाएंगे। उन्होंने जीवन एवं पर्यावरण के लिए वनों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए छात्र-छात्राओं से पौधों एवं वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। विद्यालय की प्राचार्य नीना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विद्यालय परिसर के छात्र-छात्राओं को पौधों की सुरक्षा के साथ ही जल के संरक्षण पर जोर देने की बात कही।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की पर्यावरण प्रभारी व्याख्याता बिन्दु तिवारी ने किया। इस अवसर पर विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक चन्द्रवंशी, कृषि इंस्ट्रक्टर सराजीत सरजू, विद्यालय के इको क्लब के सदस्य तथा कृषि संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

नई दुनिया 26.07.2018

शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में वृहद वृक्षारोपण

राजनांदगांव. शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में महाविद्यालय में दिनांक 19 व 20 जुलाई 2018 को महाविद्यालय परिसर में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन श्री अतुल रायजादा अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति के मुख्य आतिथ्य में हुआ. परिसर में विभिन्न प्रजाति के 200 पौधे छायादार व फलदार रोपित किए गए. अमलतास, गुलमोहर, पेल्टाफोरम, अमरूद, आंवला, शीशु, कचनार के पौधे लगाये गये. डॉ. श्रीमती निमर्ला उमरे, प्रभारी प्राचार्य के मार्गदर्शन में रासेयो के तत्वावधान में आयोजित किया गया. वृक्षारोपण अभिमुखीकरण कार्यक्रम में वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए डॉ. निमर्ला उमरे, प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि धरती में जीवन को संतुलित रखना है, तो प्रकृति को संजोकर रखना होगा, दुनिया में हरियाली व खुशहाली हेतु वृक्षों का होना आवश्यक है, आबादी बढ़ने के साथ ही वृक्षों की संख्या कम होती गई, मानव ने अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया. डॉ. एस.आर.कन्नौजे, रासेयो अधिकारी ने कहा कि वृक्षों को काटने से प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हुआ, धरती की जलवायु प्रभावित हुई, इसका भयंकर असर मौसम एवं जलवायु पर पड़ता दिख रहा है. डॉ. [illegible], राजनीति विज्ञान विभाग ने कहा कि पेड़ पौधे जलवायु को संतुलित करते है, पेड़ पौधे के अमूल्य अंग हमें लाभ पहुंचाते है, हमें हर स्तर पर इसे बचाने, उगाने इसकी सुरक्षा की कोशिश करनी चाहिए, इनकी जड़ें मिट्टी को [illegible] रोकती है, [illegible] ध्वनि प्रदूषण को सोखती है, कई जीवो के आश्रय केन्द्र वृक्ष होते है. डॉ. सुलसी राजेश पटेल, इतिहास विभाग ने कहा कि नीम, तुलसी, बरगद, पीपल 24 घंटे ऑक्सीजन देते है, पेड़ पौधे ऑक्सीजन की फैक्ट्री है, कई गांवो के नाम पेड़ो के नाम पर रखे गये है, पेड़ पौधों में देवता का वास बताया गया है. डॉ. ए.एन. [illegible] वाणिज्य विभाग ने कहा कि हरे वृक्ष है जीवन दाता, प्राणवायु और वर्षा लाता, बादलों को खींचने की शक्ति वृक्षों में होती है, जहां अधिक पेड़ होते है वहां वर्षा भी अधिक होती है. अमित चन्द्रवंशी वाणिज्य विभाग ने कहा कि वन है तो जल है और जल है तो रोटी है रोटी है तो जीवन है, यदि जल से भरा जहान बनाना है तो हर खाली जगह पर पौधरोपण करें, हर जन्मदिन पर, सम्मान में, सालगिरह में पुष्पहार के पौधे भेंट किये जावे.

नवभारत 23.07.2018

...संस्था के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

राजनांदगांव • कवर्धा • चौकी • डोंगरगांव • डोंगरगढ़ • खैरागढ़ • पंडरिया

नवभारत

सेवा के माध्यम से छात्रों के विकास का लक्ष्य है रासेयो: डॉ. निर्मला उमरे

राजनांदगांव। साइंस कॉलेज में बुधवार को एनएसएस ओरिएंटेशन का प्रोग्राम रखा गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ.निर्मला उमरे, रासेयो अधिकारी डॉ.एसआर कन्नौजे ने एनएसएस के इतिहास, उद्देश्य, लक्ष्य, महत्व के बारे में बतलाया। रासेयो के बैज, डायरी, नियमित व शिविर गतिविधियां, विभिन्न स्तरों के शिविर, रासेयो के अधिकारियों, गोदग्राम, रासेयो के खेल, स्लोगन, महत्वपूर्ण दिवस, सप्ताह, एनोसी प्रमाण-पत्रों के महत्व को विस्तार से बतलाया। डॉ.उमरे ने कहा कि रासेयो निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए योजना का प्रारंभ किया गया है। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग नई-दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। विद्यालय के साथ ही महाविद्यालय में यह गतिविधियां संचालित है। प्रतिवर्ष 100 छात्रों का पंजीयन किया जाता है।

दैनिक भास्कर 01.8.2018

गोद ग्राम रामपुर में हुआ वृक्षारोपण

नवभारत संवाददाता | राजनांदगांव

शा. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के गोद ग्राम रामपुर में सोमवार को किशोर यादव सरपंच के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. ग्राम में सड़क के किनारे, बाजार चौक, अटल चौक, स्कूल चौक, बस स्टैण्ड में कचनार, गुलमोहर, पेल्टाफारम, आंवला, जामुन, सीताफल, नीम, बादाम पौधों का रोपण किया गया, पौधे रोपकर लोहे के ट्री गार्ड से सुरक्षा व्यवस्था किया गया. महाविद्यालय के डॉ. निर्मला उमरे प्राचार्य, डॉ. एस.आर. कन्नौजे एवं उपस्थित प्राध्यापकों एवं ग्राम प्रमुखों ने पौधे रोपे. ग्रामीणजनों को वृक्ष की महत्ता बताते हुये डॉ. निर्मला उमरे प्राचार्य ने कहा कि हरे वृक्ष हमें जीवन भर छाया देते हैं, जीवनभर के लिये प्राणवायु प्रदान करते हैं, शुद्ध ऑक्सीजन पाकर हम हंसते मुस्कुराते हैं, इसीलिए पेड़ पौधों को ऑक्सीजन की फैक्ट्री कहा जाता है. तुलसी, पीपल, बरगद जो 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ते हैं, हर खाली जगह पर पेड़-पौधों को स्थान देना आवश्यक है, डॉ. एस. आर. कन्नौजे रा.से.यो. ने कहा कि जामुन, कौहा, गुलर प्राकृतिक एनिकट है जो अधिक समय तक पानी रोकता है, जमीन में नमी को बनाये रखता है. हमारे पूर्वजों ने नदी के किनारे मिट्टी के कटाव को रोकने हेतु पेड़ पौधों को स्थान दिया, हम पेड़ काटकर अपनी सांस को बंद कर रहे हैं, आने वाले समय में प्राणवायु भी बोतलों में बिकेगा. श्री किशोर यादव सरपंच ने प्रतिवर्ष एक पौधा लगाकर वृक्ष बनाने का आव्हान किया, पेड़ हरियाली के साथ खुशहाली भी लाते हैं. इस अवसर पर पंचगण, महिला समूह, मितानिन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

नवभारत 03.8.2018

राजनांदगांव हरिभूमि

दिनांक – 03.8.2018

गोदग्राम रामपुर में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज | राजनांदगांव

शा. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के गोद ग्राम रामपुर में गत 30 जुलाई को सरपंच किशोर यादव के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम में सड़क किनारे, बाजार चौक, अटल चौक, स्कूल चौक, बस स्टैंड में कचनार, गुलमोहर, पेल्टाफारम, आंवला, जामुन, सीताफल, नीम, बादाम पौधों का रोपण किया गया। पौधे रोप कर लोहे के ट्री गार्ड से सुरक्षा व्यवस्था किया गया। इस मौके पर डॉ. निर्मला उमरे, डॉ. एसआर कन्नौजे एवं उपस्थित प्राध्यापकों व ग्रामीणों ने पौधे रोपित किए। डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि हरे वृक्ष हमें जीवनभर छाया देते हैं। जीवनभर के लिए प्राणवायु प्रदान करते हैं। शुद्ध ऑक्सीजन पाकर हम हंसते-मुस्कुराते हैं, इसीलिए पेड़-पौधों को ऑक्सीजन की फैक्ट्री कहा जाता है। तुलसी, पीपल, बरगद जो 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ते हैं, हर खाली जगह पर पेड़-पौधों को स्थान देना आवश्यक है। डॉ. एसआर कन्नौजे ने कहा कि जामुन, कौहा, गुलर प्राकृतिक एनीकट है, जो अधिक समय तक पानी रोकता है, जमीन में नमी को बनाए रखता है। हमारे पूर्वजों ने नदी के किनारे मिट्टी के कटाव को रोकने हेतु पेड़-पौधों को स्थान दिया। हम पेड़ काटकर अपनी सांस को बंद कर रहे हैं, आने वाले समय में प्राण वायु भी बोतलों में बिकेगा। सरपंच किशोर यादव ने प्रतिवर्ष एक पौधा लगाकर वृक्ष बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर पंचगण, महिला समूह, मितानिन एवं अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

विज्ञान महाविद्यालय

राजनांदगांव। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में "विश्व योग दिवस" मनाया गया। सर्वप्रथम प्रार्थना की गई, प्रार्थना में भाव है कि हम सभी प्रेम से मिलकर चलें, मिलकर बोलें और सभी ज्ञानी बनें, अपने पूर्वजों की भांति हम सभी कर्तव्यों का पालन करें। खड़े होकर किये जाने वाले अभ्यास में ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटिचालन, घुटना संचालन किये गये। योगासन के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन किये गये। बैठकर किये जाने वाले आसनों में भद्रासन, वज्रासन, अर्धउष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन किये गये। उदर के बल लेटकर किये जाने वाले आसनों में मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन किये गये। प्राणायाम के तहत कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी ध्यान किये गये। अंत में सभी को संकल्प दिलाया गया तथा शांतिपाठ के साथ समापन हुआ।

24/06/2017

Scanned with CamScanner

नईदुनिया

डेंगू की जानकारी ही बचाव है - डॉ. कुमरे

परिधि 30.07.2018

साइंस कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

प्लास्टिक मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा

नईदुनिया. 25.08.2018 www.naidunia.com

डेंगू से बचने किया जागरूक

Scanned with CamScanner

गांव • कवर्धा • चौकी • डोंगरगांव • डोंगरगढ़ • खैरागढ़ •

नवभारत

साइंस कॉलेज में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

नवभारत संवाददाता। राजनांदगांव

शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रासेयो के तत्वावधान में 1 अगस्त से 15 अगस्त तक डॉ. श्रीमती निर्मला उमरे, प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं एस.आर. कन्नोजे रा.से.यो. अधिकारी के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है. स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मनाये जा रहे पखवाड़े के प्रथम दिवस 1 अगस्त को प्राचार्य डॉ. उमरे ने सभी विद्यार्थी को स्वच्छता शपथ दिलाई. छात्रों से अपने घर, आंगन, गली, मोहल्ले, कार्यालय, महाविद्यालय को स्वच्छ रखने की अपील की. दिनांक 2,3,4 अगस्त को महाविद्यालय परिसर में उगे बेकार घास फूस को काटा गया, कटीली झाड़ियों को काटकर जलाया गया. पालीथीन एकत्रित किया गया, गाजर घास का उन्मूलन किया गया, इसके दुष्परिणाम से छात्रों को अवगत कराया गया. 6 अगस्त को महाविद्यालय के गोद ग्राम रामपुर में स्वच्छता रैली किशोर यादव सरपंच, महिला समूह एवं रा.से.यो. स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर स्वच्छता चर्चा किया, शौचालय का उपयोग करने व साबुन से हाथ धोने, कचरों को एक निश्चित स्थान में एकत्रित करने हेतु निर्देशित किया गया. ग्रामवासियों के साथ मिलकर सड़क किनारे के कचरे को साफ किया गया, महिला समूह अधिक संख्या में उपस्थित रहे. स्वच्छता अभियान के तहत 7 व 8 अगस्त को महाविद्यालय के कमरों, आंगन, बरामदे झाडू लगाकर साफ-सफाई की गई. 9 अगस्त को त्रिवेणी परिसर की सफाई व परिसर में स्थित डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र, श्री गजानंद माधव मुक्तिबोध, श्री पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के प्रतिमा की साफ-सफाई की.

नवभारत 13.8.2018

रायपुर, बुधवार, 15 अगस्त 2018
haribhoomi.com

हरिभूमि 15.08.2018

कॉलेज में मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

■ स्वच्छता के प्रति किया जा रहा जागरूक, सभी विद्यार्थी को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रासेयो के तत्वावधान में गत् एक से 15 अगस्त तक प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन एवं रासेयो अधिकारी एसआर कन्नोजे के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मनाए जा रहे पखवाड़े के प्रथम दिवस एक अगस्त को प्राचार्य डॉ. उमरे ने सभी विद्यार्थी को स्वच्छता शपथ दिलाई। छात्रों से अपने घर, आंगन, गली, मोहल्ले, कार्यालय, महाविद्यालय को स्वच्छ रखने की अपील की। गत् 2, 3 व 4 अगस्त को महाविद्यालय परिसर में उगे बेकार घास-फूस को काटा गया व झाड़ियों को काटकर जलाया गया। 6 अगस्त को महाविद्यालय के गोद ग्राम रामपुर में स्वच्छता रैली- सरपंच किशोर यादव, महिला समूह एवं रासेयो, स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर स्वच्छता पर चर्चा किया। शौचालय का उपयोग करने व साबुन से हाथ धोने, कचरों को एक निश्चित स्थान में एकत्रित करने हेतु निर्देशित किया गया।

खेल चौक में प्रतिमा व परिसर की साफ-सफाई

स्वच्छता अभियान के तहत 7 व 8 अगस्त को महाविद्यालय के कमरों, आंगन, बरामदे, कॉरिडोर को झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई। गत 9 अगस्त को त्रिवेणी परिसर की सफाई व परिसर में स्थित डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र, गजानंद माधव मुक्तिबोध, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के प्रतिमा की साफ-सफाई तथा खेल चौक में स्थित मेजर ध्यानचंद के प्रतिमा व परिसर की साफ-सफाई की गई। 10 अगस्त को औषधीय पौधों के गार्डन में उगे बेकार घास-फूस को उखाड़कर साफ-सफाई की गई।

Scanned with CamScanner

नवभारत

दैनिक भास्कर 9.9.2018

शिवनाथ कॉलेज के बीस विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

राजनांदगांव। शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना व रेडक्रास सोसायटी ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया। इस दौरान कॉलेज के 20 विद्यार्थियों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रक्तदान किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में युवाओं ने रक्तदान कर रक्तदान महादान- जीवनदान को चरितार्थ किया। विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व व इससे जुड़ी भ्रांतियों की भी जानकारी दी गई। रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों में हरीश कुमार, दिनेश कुमार साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, भुनेश्वर कुमार साहू, चंद्रशेखर साहू, परमेश्वर कुमार तुलावी, कुमारी बरखा देवांगन, पुरंजन चावर, नरेश कुमार ठाकुर, कैलाश कुमार धालेन्द्र, घनश्याम लाल चंद्रवंशी, डामेश्वर कोठीसारे, गिरधी कौशिक, चेमन लाल साहू, राजेन्द्र कुमार बढ़ई, कौशल कुमार साहू, मनीष कुमार साहू आदि हैं।

'निरक्षरता रूपी अधंकार को मिटाने के लिए साक्षर होना जरूरी'

राजनांदगांव। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया।

राजनांदगांव। नईदुनिया न्यूज

शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि नेहरू युवा केन्द्र के समन्वयक श्रीकांत पांडे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रासेयो अधिकारी डा.एसआर कन्नौजे ने कहा कि साक्षरता वो हथियार है जिससे निरक्षरता रूपी अंधकार को मिटाया जा सकता है, निरक्षरता पिछड़ेपन की निशानी है। साक्षरता मानव को सभ्य, ज्ञानवान, उर्जावान, विकासशील बनाने के साथ ही स्वावलंबन भी प्रदान करता है।

ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पाती योजनाएं: प्राचार्य डा. निर्मला उमरे ने कहा कि निरक्षरता के कारण देश की बहुत सी सामाजिक एवं कल्याणकारी योजना ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पाती, हर मानव सभ्य व स्वावलंबी बनना चाहता है, ज्ञान ही वह साधन है जो अज्ञान को दूर कर विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। शिक्षा सभ्य व असभ्य में भेद करता है। मुख्यअतिथि पांडे ने कहा कि किसी देश या प्रदेश के लिए मानवीय संसाधनों का केवल पर्याप्त होना ही प्रगति के संकेत नहीं होता बल्कि उपलब्ध मानवीय संसाधनों की उच्च स्तरीय गुणवत्ता का होना भी आवश्यक है। अंधकार को दूर भगाएं, अवश्य ही एक दीप जलाएं, राजनांदगांव जिला अन्य जिलों से साक्षरता में अग्रणी है। साक्षरता प्रतिशत में वृद्धि से जनसंख्या वृद्धि दर कम होती है, महिला साक्षरता पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, हम अपने आस-पास निवासरत भाई-बहनों को अक्षर ज्ञान कराएं, उनका कलम, कापी, पेन से परिचय कराएं, अक्षर दान जीवन का महादान होगा।

नई दुनिया 10.9.2018

युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने की जरूरत: पांडे

राजनांदगांव। शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा युवा भारत- सशक्त भारत पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान को संबोधित करते हुए नेहरू युवा केन्द्र के समन्वयक श्रीकांत पांडे ने कहा कि एनएसएस नौजवान का संगठन है जो निःस्वार्थ सेवा भावना से ओतप्रोत है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली के युवा एवं खेल विभाग द्वारा संचालित रासेयो और नेहरू इकाई कार्यरत है, जो सामुदायिक विकास करता है। रासेयो नियमित विद्यार्थी के लिए संचालित है, जबकि नेहरू युवा केन्द्र गैर छात्रों के लिए संचालित है, जिसमें ग्रामीण विकास एवं छात्रों के व्यक्तित्व विकास शामिल है। भारत में 65 प्रतिशत युवा है हर युवा विभिन्न प्रकार के प्रतिभा से ओतप्रोत है अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को पहचानने की जरूरत है। उन्होंने कहा युवाओं में तेजी से बढ़ता नशा चिन्ता का विषय है। आज के समय में नशे से अन्दर ही अन्दर खोखला होते जा रहा है। नशे से दूर रह कर स्वयं व समाज को सशक्त बना सकते है। जिस ओर जवानी जाती है उस ओर जमाना जाता है। प्राचार्य डा.निर्मला उमरे ने सम्पूर्ण जीवन के कार्यों को स्वीकारें बताया। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच रखने और नकारात्मकता से दूर रहने का आह्वान किया। रासेयो अधिकारी डा.एसआर कन्नौजे ने कहा कि इस वर्ष रासेयो का स्वर्ण जयंती वर्ष है जिसमें 15000 स्वयं सेवक इस योजना से जुड़ कर व्यक्तित्व निखार रहे है। (नईदुनिया न्यूज)

नई दुनिया 27.9.2018

साइंस कालेज में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन

नवभारत संवाददाता। राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस रासेयो के तत्वाधान में डॉ. निमर्ला उमरे संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीकांत पाण्डे, समन्वयक, नेहरू युवा केन्द्र राजनांदगांव रहे.

डॉ. एस.आर.कन्नौजे रासेयो अधिकारी ने कहा कि साक्षरता वो हथियार है जिससे निरक्षरता रूपी अंधकार को मिटाया जा सकता है, निरक्षरता पिछड़ेपन की निशानी है, साक्षरता मानव को सभ्य, ज्ञानवान, उर्जावान, विकासशील बनाने के साथ ही स्वावलंबन भी प्रदान करता है. डॉ. निमर्ला उमरे संस्था प्राचार्य ने कहा कि निरक्षरता के कारण देश की बहुत सी सामाजिक एवं कल्याणकारी योजना ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पाती, हर मानव सभ्य व स्वावलंबी बनना चाहता है, ज्ञान ही वह साधन है जो अज्ञान को दूर कर विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकता है. शिक्षा सभ्य व असभ्य में भेद कराता है. श्रीकांत पाण्डे मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी देश या प्रदेश के लिए, मानवीय संसाधनों का केवल पर्याप्त होना ही प्रगति के संकेत नहीं होता बल्कि उपलब्ध मानवीय संसाधनों की उच्च स्तरीय गुणवत्ता का होना भी आवश्यक है. अंधकार को भगाएं, अवश्य ही एक दीप जलायें, राजनांदगांव जिला अन्य जिलों से साक्षरता में अग्रणी है, साक्षरता प्रतिशत में वृद्धि से जनसंख्या वृद्धि दर कम होती है, महिला साक्षरता पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, हम अपने आस-पास निवासरत भाईयों-बहनों को अक्षर ज्ञान करायें, उनका कलम, कापी, पेन से परिचय करायें, अक्षर दान जीवन का महादान होगा. इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ एवं अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

नवभारत 09.9.2018

Scanned with CamScanner

नईदुनिया

रायपुर, रविवार, 7 अक्टूबर 2018
haribhoomi.com हरिभूमि

खबर संक्षेप

कॉलेज के छात्राओं ने किया रक्तदान

राजनांदगांव। राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर साइंस कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस इकाई एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में गए एक अक्टूबर को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. एलिजाबेथ भगत, एनएसएस अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे तथा डॉ. फुलसो राजेश पटेल के सफल सहयोग से जिला मुख्य चिकित्सालय के ब्लड बैंक डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी में 20 छात्रों ने कुल 20 यूनिट रक्तदान कर रक्तदान, जीवनदान, महादान अभियान सक्रिय योगदान दिया। इस अभियान में विशेष रूप से कॉलेज की छात्राओं की भागीदारी रही, जो आगामी अवसर के लिए प्रेरणादायक है।

हानिकारक गैसों से ओजोन परत को हो रहा नुकसान

राजनांदगांव। नईदुनिया न्यूज

शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस मनाया गया। इस दौरान पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राणीशास्त्र के विभाग के डा.एस.... ने कहा कि ऑक्सीजन के तीन परमाणु मिलकर ओजोन का निर्माण करते हैं। ओजोन धरती से 15-20 किलोमीटर की दूरी पर होता है, जो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को रोकती है। प्रदूषण की यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में घातक प्रभाव दिख सकता है। ओजोन जीवन बचाने वाली सुरक्षा परत है जो विकिरण को सोख कर काफी हद तक प्रभाव को कम करती है। डा. नागरत्ना गनवीर ने कहा कि ओजोन क्षरण के कारणों में क्लोरोफ्लोरो कार्बन व हैलोजन, है। सीएफसी का प्रयोग फ्रिज, एयरकंडीशनर, छिड़काव प्रसाधनों, [illegible]

राजनांदगांव। ओजोन परत संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन।

[illegible]

हरिभूमि - 17.9.2018

स्वच्छता पखवाड़ा में एनएसएस के छात्रों ने परिसर की सफाई की

भास्कर न्यूज | राजनांदगांव

दैनिक भास्कर 8.2018

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रासेयो के तत्वाधान में एक अगस्त से 15 अगस्त तक प्राचार्य डॉ.निर्मला उमरे के मार्गदर्शन एवं एसआर कन्नोजे रासेयो अधिकारी के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मनाए जा रहे पखवाड़े के प्रथम दिवस प्राचार्य डॉ. उमरे ने सभी विद्यार्थी को स्वच्छता शपथ दिलाई।

छात्रों से अपने घर, आंगन, गली, मोहल्ले, कार्यालय, महाविद्यालय को स्वच्छ रखने की अपील की। परिसर में उगे बेकार घास को काटा गया। कंटीली झाड़ियों को काटकर जलाया गया। पालीथीन एकत्रित किया गया। गाजर घास का उन्मूलन किया गया, इसके दुष्परिणाम से छात्रों को अवगत कराया गया। महाविद्यालय के गोद ग्राम रामपुर में स्वच्छता रैली सरपंच किशोर यादव, महिला समूह एवं रासेयो स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर स्वच्छता चर्चा की। शौचालय का उपयोग करने, कचरों को एक निश्चित स्थान में एकत्रित करने निर्देशित किया गया। स्वच्छता अभियान के महाविद्यालय के कमरों, आंगन, बरामदे, गलियारे की झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई। विभिन्न परिसर की सफाई व परिसर में स्थित [illegible] प्रसाद मिश्र, गजानंद माधव मुक्तिबोध, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की प्रतिमा की साफ-सफाई तथा खेल चौक में स्थित मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा व परिसर की साफ-सफाई की गई।

राजनांदगांव। कॉलेज परिसर में इस तरह सफाई की गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के इन शिविरों में डलते हैं सेवा के बीज : गांधी

राजनांदगांव। नईदुनिया न्यूज

राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाने वाले शिविरों में ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर मिलता है इन शिविरों में विविध प्रकार के सेवा कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के अन्दर एक नई चेतना का संचार होता है तथा युवा अपनी प्रतिभा का विसर्जन कर कुछ नया सिखता है और ऐसे ही शिविर उनके अन्दर सेवा के बीज डालता है यही सेवा भाव उसे आगे समाज जीवन में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करता है। विज्ञान महाविद्यालय के बी.एससी., एम.एससी. के विद्यार्थियों का ग्राम रामपुर (डोंगरगांव) में आयोजित सात दिवसीय शिविर निश्चित रूप से एक मिल का पत्थर साबित होगा। इस [illegible] के विचार पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने ग्राम में आयोजित शिविर में उपस्थित युवाओं तथा ग्रामीणों के बीच व्यक्त किया।

इस अवसर पर एनएसएस के जिला संगठक डा. एसके परिहार तथा प्रभारी अधिकारी प्राध्यापक कन्नोजे जी ने तथा उपस्थित युवाओं ने मुख्य अतिथि प्रदीप गांधी का बैज लगाकर तथा एनएसएस माला से स्वागत किया। इस अवसर पर युवाओं ने अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा स्वच्छता, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

नई दुनिया - 15.10.2018

Scanned with CamScanner

नांदगांव भास्कर

मतदाता जागरूकता के लिए गांव में निकाली रैली

युवा सकारात्मक दृष्टिकोण रखकर कार्य करें- दिनेश गांधी

दैनिक दावा दिनांक 11.10.2018

Scanned with CamScanner

दुनिया मिरर

रासेयो ने युवाओं को दी स्वच्छता की जानकारी

नईदुनिया सिटी

रामपुर रासेयो शिविर में हुई बौद्धिक चर्चा

//नवभारत 13.10.2018//

रासेयो ने युवाओं को दी स्वच्छता की जानकारी

नईदुनिया 11.10.2018

राजनांदगांव भास्कर

दैनिक भास्कर 18.10.2018

आधुनिकीकरण के कारण वनों और वन्य प्राणियों की हुई क्षति-डॉ. कन्नौजे

भास्कर न्यूज | राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा वन्य प्राणियों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉ. गायत्री सिंह के मार्गदर्शन में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया गया। डॉ. एस.आर. कन्नौजे ने कहा कि ये प्राणी जिन्हें पालतू नहीं बनाया जा सकता उन्हें वन्य प्राणी कहते हैं। मनुष्य के साथ ही वन्य प्राणी भी महत्वपूर्ण हैं। आधुनिकीकरण गतिविधियों के कारण वनों एवं वन्य प्राणियों की अधिक क्षति हुई है।

डॉ. भुवनेश्वरी राजेश पटेल ने कहा कि जनसंख्या में वृद्धि, बहुउद्देशीय परियोजनाएं, बांध निर्माण, औद्योगिकीकरण के कारण अनेक प्रजातियां विलुप्त के कगार पर है, सफेद बाघ, काला चीतल, जंगली भैंसा, मगरमच्छ, हिरण आदि।

राजनांदगांव. कॉलेज में वन्य प्राणी सप्ताह मनाया गया।

डॉ. गायत्री सिंह प्राचार्य ने कहा कि भारतीय वन्य जीवन बोर्ड की स्थापना 1952 में हुई। बोर्ड की अनुशंसा पर वन्य प्राणियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध है। बोर्ड ने वन्य प्राणियों के संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। सरकार ने पर्यावरण और पारिस्थितिकीय मंत्रालय स्थापित किया है, अनेक कानून भी बनाये गये है। भारतीय वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम 1972 में लागू हुआ, जिसके तहत प्राणियों को विशेष सुरक्षा प्रदान करता है। इस अवसर पर डॉ. निर्मला उमरे, डॉ. [illegible] भारत, श्रीमती [illegible], प्रो. अनिता [illegible], रासेयो दल नायक [illegible] विश्वकर्मा, छात्र दल नायक नितेश साहू आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि 16.01.2018

साइंस कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज >> राजनांदगांव

16.01.2018

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 12 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. गायत्री सिंह के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि हरीश गांधी व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. गायत्री सिंह ने किया। विशेष अतिथि [illegible] साहू एवं श्री ठाकुर रहे। डॉ. एस.आर. कन्नौजे ने स्वामीजी के जीवन परिचय देते कहा कि स्वामीजी के गुरु रामकृष्ण परमहंस रहे। वे धरती में मात्र 39 साल जीवित रहे। उन्होंने पूरे भारत की यात्रा की और सबसे महान कार्य को अपनाया।

हरीश गांधी ने कहा कि युवा देश की रीढ़ है। देश में 65 प्रतिशत युवा है। युवा चाहे तो हवा का रुख बदल सकता है। [illegible]

[illegible] डॉ. गायत्री सिंह ने कहा कि स्वामीजी के गुरु [illegible] महान बनाया है। [illegible] स्वामी जी की जीवनी [illegible] है।

इस अवसर पर [illegible] साहू, [illegible] साहू का उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिक संख्या में विद्यार्थी व महाविद्यालय परिवार उपस्थित थे।

देश के नवनिर्माण में युवा आगे आएं

भास्कर न्यूज | राजनांदगांव

दैनिक भास्कर 14.10.2018

साइंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर ग्राम रामपुर में सात दिनों लगाया गया। शिविर में बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम के तहत विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई।

जिला समन्वयक ग्रामीण स्वच्छता मिशन देवेन्द्र चौहान ने ग्रामीणों को अपने घर, गली, आंगन को स्वच्छ रखने की अपील की। स्वच्छ व स्वस्थ रहकर ही बीमारी से मुक्ति पाई जा सकती है। युवा शक्ति-राष्ट्र शक्ति विषय पर श्रीकांत पाण्डेय, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र ने कहा कि युवाओं के आगे कोई असंभव कार्य नहीं है। डॉ.एस.आर. कन्नौजे ने कहा कि देश में 65 प्रतिशत युवा है, यदि युवा संकल्प कर लें तो कार्य पूर्ण होकर रहता है। युवा नदी की धारा को मोड़ सकता है। देश के नवनिर्माण में युवाओं को आगे आने कहा।

राजनांदगांव. रामपुर में लगे रासेयो शिविर में बौद्धिक चर्चा में जुटे ग्रामीण।

डॉ.मुकेश पटेल जिला संगठक ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत विषय पर कहा कि अनेकता में एकता दिखाई देती है। हर विकट परिस्थिति का मुकाबला मिलकर किया जा सकता है। डॉ. [illegible] ने मतदाता जागरूकता पर विचार रखे। डॉ. [illegible] भारत एवं [illegible] ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर जोर दिया। डॉ.भुवनेश्वरी राजेश पटेल, प्राचार्य डॉ. गायत्री सिंह, डॉ.एस.आर. कन्नौजे ने भी अपने विचार रखे।

Scanned with CamScanner

हरिभूमि

साइंस कॉलेज में संविधान दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 26 नवंबर को शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में विधि दिवस (संविधान दिवस) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल मिंज, न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय डॉ. प्रज्ञा पचौरी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा फास्ट ट्रेक कोर्ट शक्ति सिंह राजपूत, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीकांत श्रीवास, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंजली सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता नारायण कन्नौजे सहित सभी कॉलेज राजनांदगांव के लेक्चरार उपस्थित थे।

कार्यक्रम में श्री मिंज ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है तथा भारत विश्व में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत का संविधान बनाने हेतु संविधान सभा की पहली बैठक सन् 1946 में रखी गई थी । उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने जीवन में मौलिक कर्तव्यों का और कानून के नियमों का पालन करना चाहिए। आप सभी देश के भविष्य हैं, इसलिए कानून को जानें और उसका पालन करें। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीकान्त श्रीवास ने बताया कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1950 को लागू किया गया। भारत का संविधान 2 वर्ष 11 माह 18 दिन के अथक प्रयास के बाद तैयार किया गया। जिसमें सभी के अधिकारों और हितों को ध्यान में रखा गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैककोर्ट शक्ति सिंह राजपूत ने कहा कि संविधान दिवस की शुरूआत करीब 38 साल पहले सर्वप्रथम इस के देश के प्रख्यात विधिवेत्ता डॉ. लक्ष्मीमल्ल सिंघवी के प्रयासों और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा सन् 1979 में प्रारंभ की गई, तब से 26 नवंबर को विधि दिवस मनाया जाता है, जिसे वर्ष 2015 में बदलकर संविधान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है। न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय डॉ. प्रज्ञा पचौरी ने कहा कि संविधान के 42वें संशोधन मौलिक कर्तव्यों का समावेश किया गया है। इसके अंतर्गत जैसे हमें राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीय गान का सम्मान करना चाहिए, जब कोई कानून पारित होता है तो यह माना जाता है कि सभी को उस कानून की जानकारी हो गई है। उन्होंने कहा कि विधि मानवी का विज्ञान है। आर्टिकल 19 में हर व्यक्ति को बोलने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. गंधेश्वरी सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नागरत्ना गणवीर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. फुलसो राजेश पटेल, डॉ. एसआर कन्नौजे, डॉ. एलिजाबेथ भगत, डॉ. निर्मला उमरे एवं ग्रंथपाल सीमा ए. खाल एवं बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

हरिभूमि 12-12-2018

हरिभूमि 27-10-2018

विज्ञान महाविद्यालय में मना विश्व खाद्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. गंधेश्वरी सिंह के मार्गदर्शन में विश्व खाद्य दिवस गत 16 अक्टूबर को मनाया गया। इस अवसर पर रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नौजे ने कहा कि प्रकृति द्वारा प्रदत्त खाद्य पदार्थ का मनुष्य द्वारा उपयोग कर उत्पन्न किए जाने वाले खाद्य पदार्थ खाद्य संसाधन कहलाते हैं।

शरीर की वृद्धि तथा उतकों के मरम्मत के लिए भोज्य पदार्थ जरूरी है, संतुलित आहार से शारीरिक एवं मानसिक विकास भली-भांति होता है। डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि विश्व की जनसंख्या लगभग 7 अरब है, आवश्यकता के अनुरूप उत्पादन इतना अधिक नहीं बढ़ाया जा सकेगा। जिससे समस्या विकराल रूप धारण कर ही है। प्रगति के बावजूद वर्तमान समय में अधिकांश देश भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। जनसंख्या वृद्धि के कारण मानव के पास कृषि योग्य भूमि कम है।

प्राचार्य डॉ. गंधेश्वरी सिंह ने कहा कि विश्व खाद्य समस्या के अनेक कारण है। जिसमें जनसंख्या वृद्धि, भौगोलिक दशाएं, प्राकृतिक आपदा, युद्ध, पोषक तत्वों का अभाव, असंतुलित आहार, निर्धनता, भूमि का विभाजन, अपर्याप्त सिंचाई सुविधाएं, पुराने कृषि उत्पादन विधि, जल की कमी है, इन्हें दूर कर खाद्य उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। रेडक्रास प्रभारी डॉ. एलिजाबेथ भगत ने कहा कि भारत क्या लगभग 125 करोड़ है। जनसंख्या इसी तरह बढ़ती रही तो सन 2050 तक एक अरब 35 करोड़ हो जाएगी। इस अनुपात में कृषि भूमि की उपलब्धता कम होगी। जिसका प्रभाव खाद्यान्न उत्पादन पर पड़ेगा। इस अवसर पर डॉ. फुलसो राजेश पटेल, प्रो. अनिल चंद्रवंशी, श्रीमती अडहरि तथा अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

अच्छी पहल • शासकीय शिवनाथ साइंस कॉलेज में कौमी एकता सप्ताह का हुआ समापन

महिलाएं अपने अधिकार को समझें: उमरे

दैनिक भास्कर
भास्कर न्यूज़ | राजनांदगांव
03.12.2018

शासकीय शिवनाथ साइंस कॉलेज में कौमी एकता सप्ताह मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित इस सप्ताह में छात्र-छात्राओं को विभिन्न जानकारियां दी गईं। हर साल पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्मदिन से कौमी एकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. गन्धेश्वरी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कौमी एकता दिवस के महत्व पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री गांधी गरीबों की मसीहा थी, उनके कार्य उच्च स्तर के थे, उन्हें भारत सरकार द्वारा सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया, उन्होंने भारत में रह रहे विभिन्न धर्म जाति, संप्रदाय के लोगों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। महिला जागरूकता पर डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं आगे हैं, महिलाएं अपने अधिकार और कर्तव्य को समझ कर अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करें। डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने सांप्रदायिक सद्भाव व एकता विषय पर कहा कि देश की एकता हम सब के लिए सर्वोपरि है, इसके विकास के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

राजनांदगांव. कौमी एकता दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का शपथ लेते।

डॉ. नागरत्ना गनवीर ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर कहा कि पर्यावरण बिगाड़कर मानव तू जो करें विकास, के जरिए जागरूक किया।

पेंटिंग, निबंध और नारा लेखन प्रतियोगिता भी हुई: कौमी एकता सप्ताह के तहत निबंध प्रतियोगिता में प्रथम लिलेश दिल्लीवार, द्वितीय दुर्गेश कुमार, तृतीय डेनिस कुमार रहे। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम कु. संध्या जैन, द्वितीय निलेश साहू, तृतीय कु. डिलेश्वरी साहू रहीं। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम संगीत आचले, द्वितीय कु. पोणिता ठाकुर, तृतीय केशव कुमार भालेन्द्र रहे। रंगोली प्रति. में प्रथम कु. पुष्पलता वर्मा, द्वितीय कु. प्रीति, तृतीय कु. फलेश्वरी साहू रही।

हरिभूमि 01.12.2018

साइंस कॉलेज में कौमी एकता सप्ताह पर कार्यक्रम

राजनांदगांव। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में गत 19 से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह रासेयो के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. गंधेश्वरी सिंह के मार्गदर्शन में मनाया गया।

19 नवंबर को स्व. इंदिरा गांधी भारत के प्रथम महिला प्रधानमंत्री के जन्मदिन को कौमी एकता दिवस के रूप में मनाया गया। डॉ. एसआर कन्नोजे रासेयो अधिकारी ने कौमी एकता दिवस के महत्व पर कहा कि श्रीमती गांधी गरीबों की मसीहा थी। उनके कार्य उच्च स्तर के थे, उन्हें भारत सरकार द्वारा सर्वोच्च सम्मान भारतरत्न प्रदान किया गया। उन्होंने भारत में रह रहे विभिन्न धर्म जाति, सम्प्रदाय के लोगों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। महिला जागरूकता पर डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं आगे हैं, महिलाएं अपने अधिकार और कर्तव्य को समझ कर अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने साम्प्रदायिक सद्भाव एवं एकता विषय पर कहा कि देश की एकता हम सबके लिए सर्वोपरि है, इसके विकास के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। डॉ. नागरत्ना गनवीर ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर कहा कि पर्यावरण बिगाड़कर मानव तू जो करे विकास, एक दिन ऐसा आयेगा तू न ले पाएगा सांस, हरे वृक्ष है जीवनदाता, प्राण वायु और वर्षा लाता, उन्होंने वायु, जल, जंगल को बचाने की अपील की। डॉ.

निबंध स्पर्धा में लिलेश प्रथम

प्राचार्य डॉ. गंधेश्वरी सिंह ने कहा कि देश में विभिन्न धर्म के लोग रहते हैं। विभिन्नताओं के बावजूद देश में एकता कायम है, हम सभी का दायित्व है कि देश की एकता बनी रहे। कौमी एकता सप्ताह के तहत निबंध प्रतियोगिता में प्रथम लिलेश दिल्लीवार, द्वितीय दुर्गेश कुमार, तृतीय डेनिस कुमार रहे। नारा लेखन प्रति. में प्रथम संध्या जैन, द्वितीय निलेश साहू, तृतीय डिलेश्वरी साहू रहीं। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम संगीत आचले, द्वितीय पोणिता ठाकुर, तृतीय केशव कुमार भालेन्द्र रहे। रंगोली प्रति. में प्रथम पुष्पलता वर्मा, द्वितीय प्रीति, तृतीय फलेश्वरी साहू रहीं।

एलिजाबेथ भगत ने स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण विषय पर कहा कि हमारे पारिवारिक पर्यावरण स्वच्छ होना चाहिए, हर बच्चे को अच्छे संस्कार मिलना आवश्यक है।

नईदुनिया

पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के योगदानों को किया याद

नई दुनिया 01.12.2018

राजनांदगांव । नईदुनिया न्यूज

[illegible]

[illegible]

हरिभूमि

हरिभूमि 12.12.2018

एड्स दिवस पर महाविद्यालय परिवार ने बनाई मानव श्रृंखला

राजनांदगांव। विश्व एड्स दिवस पर एक दिसंबर को एड्स के विषय में युवाओं को जागरूक करने के लिए शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा विविध कार्यक्रम जैसे निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

एड्स जागरूकता रैली के पश्चात महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के गार्डन में मानव श्रृंखला बनाकर एड्स जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गन्धेश्वरी सिंह ने एड्स से बचे रहने और इस संबंध में लोगों को जागरूक करने अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। एनएसएस अधिकारी एसआर कन्नौजे ने एड्स से कैसे बचे रहें और दूसरों को कैसे बचाएं, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। यूथ रेडक्रास प्रभारी डॉ. एलिजाबेथ भगत ने कहा कि इसकी रोकथाम बेहतर तरीके से करने हेतु नैतिक शिक्षा, संयम तथा शिष्टाचार समय की मांग है।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के एड्स काउंसलर धर्मेन्द्र वर्मा ने कहा कि यह रोग हाथ मिलाने, साथ में खाने, एक-दूसरे के कपड़े पहनने तथा गले लगाने से नहीं होता। इन्होंने लक्षणों के बारे में बताया कि लगातार खांसी रहना, चमड़ी का संक्रमण, बार-बार दस्त, ग्रंथियों में सूजन, भूख न लगना, पसीना आना तथा वजन कम होना है। ब्लड बैंक काउंसलर जगदीश सोनी ने कहा कि नशे की दवाओं में सुई का प्रयोग, अनेक से यौन संबंध बनाने वालों, असुरक्षित काम, अंगछेदन और टैटू भी इस रोग के वाहक होते हैं। युवा रोग काउंसलर मिताली मेश्राम ने कहा कि यह वायरस हमारे रक्त में स्थित सीडी 4 कोशिका को नष्ट करता है। जिससे प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। यह वायरस शरीर में वैसे ही रहता है जैसे धरती के अंदर पानी, यह एक तरह से खामोश महामारी है। छत्तीसगढ़ में इसके जांच के लिए आईसीटीसी केन्द्र खोले गए हैं।

इस अवसर पर एड्स जागरूकता रैली तथा मानव श्रृंखला की वीडियोग्राफी तथा फोटो संबंधी कार्य महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी परेश वर्मा द्वारा ड्रोन के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

शिवनाथ साइंस कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

नवभारत संवाददाता। राजनांदगांव

